# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 310 ■ अम्बिकापुर, रविवार 07 दिसम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# झारखंड के 3 युवकों ने चाची-भतीजी से किया गैंगरेप महिला ने लगाई फांसी, एएसआई सस्पेंड, टीआई लाइन अटैच

**छ.ग. फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले में चाची और नाबालिग भतीजी से झारखंड के 3 युवकों ने गैंगरेप किया। वारदात के बाद युवकों ने कहा कि किसी को बताओगे तो जान से मार डालेंगे। धमकी के बाद महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामला सनावल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक आरोपियों में झारखंड के कुसुमियादागर निवासी सैयद अली (21), फैयाज अंसारी (22) और सोनू अंसारी (30) शामिल हैं। वहीं परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा ने एएसआई रोशन लकड़ा को सस्पेंड कर दिया है।

इसके साथ ही सनावल थानेदार गजपति मिर्रे को लाइन अटैच किया गया है। एएसआई और थानेदार के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। करीब 3 महीने बाद 3 दिसंबर को नाबालिग से गैंगरेप और महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने



पर केस दर्ज किया गया।

## जानिए क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, 7 सितंबर 2025 को 25 साल की विवाहिता अपनी भतीजी (14) के साथ लकड़ी लेने जंगल गई थी। इस दौरान झारखंड के 3 युवक सैयद अली, फैयाज अंसारी और सोनू अंसारी जंगल में मिले। तीनों आरोपियों ने चाची-भतीजी से गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया।

जंगल में वारदात के बाद आरोपियों ने चाची-भतीजी को धमकाया। आरोपियों ने कहा कि किसी को घटना की जानकारी दी तो जान से हाथ धो बैठेगो। इसके बाद तीनों आरोपी चाची-भतीजी को जंगल में छोड़कर भाग गए। चाची-भतीजी किसी कदर जंगल से अपने घर पहुंचे।

परिजनों के मुताबिक वारदात के बाद से महिला सदमे में थी। महिला ने रात में 7 सितंबर की रात ही घर के पटाव में चढ़कर फांसी लगा ली। 8 सितंबर को महिला का शव मिला तो पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।

## मध्यप्रदेश काम करने गया था पति

परिजनों ने बताया कि महिला का पति काम करने मध्यप्रदेश के जबलपुर गया था। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया। बाद में पता चला कि, महिला और नाबालिग के साथ तीन युवकों ने गैंगरेप किया था।

इसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी फौरन सनावल पुलिस को दी, लेकिन सनावल पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की। महिला के पिता ने सनावल पुलिस को आवेदन दिया। आरोपियों के खिलाफ एसडीओपी रामानुजगंज से शिकायत भी की थी।

महिला के पिता ने भी आरोप लगाया था कि झारखंड के युवकों ने उनकी बेटी को फोन कर जंगल में बुलाया था। इसके बाद गैंगरेप किया और उसकी हत्या भी कर दी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया और न ही मामले की जांच की।


## शिकायत मिलने पर आईजी ने लिया एक्शन

बलरामपुर पुलिस ने मामले में गंभीरता से कार्रवाई नहीं की तो नवंबर में महिला के पिता ने इसकी शिकायत सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा से की। आईजी ने मामले की जांच कराई। जांच में नाबालिग के साथ गैंगरेप करने की पुष्टि हुई।

सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा ने बताया कि, नाबालिग से गैंगरेप और महिला के आत्महत्या करने के मामले में सनावल थाने में 3 महीने बाद 2 एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। तीनों आरोपी अभी फरार हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ज्वेलरी नहीं दिलाने पर एएसआई पति को पीटा, पत्नी बोली- नशे में बेटी को पीट रहा था, इसलिए की पिटाई

**छ.ग. फ्रंटलाइन अम्बिकापुर।** प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर ने अपने एएसआई पति की जमकर पिटाई की है। जिससे वो घायल हो गया है। उसके सिर, हाथ, गले और चेहरे पर चोटें आई हैं। आरोप है कि, नशे की हालत में पत्नी और बेटी से एएसआई लगातार मारपीट करता है। जिससे परेशान होकर पत्नी ने मारपीट की है। पति का आरोप है कि चाकू से भी हमला किया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर एसपी कार्यालय के शिकायत शाखा में



पदस्थ एएसआई प्रशांत कुमार प्रकाश शुक्रवार की रात शराब पीकर घर पहुंचा। पत्नी और बेटी से विवाद करने लगा। उसने अपनी बेटी से मारपीट शुरू कर दी। लंबे समय से प्रताड़ित हो रही पत्नी ने जब बेटी से मारपीट होते देखा, तो उसके सब्र का बांध टूट गया। उसने एएसआई पति की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में प्रशांत कुमार प्रकाश के चेहरे, सिर, गले और हाथों में चोटें आई हैं। इसके बाद प्रशांत कुमार प्रकाश ने खुद मीडियाकर्मियों को अपनी फोटो भेजकर मारपीट करने की जानकारी दी है।

## पति बोला- जेवर नहीं दिलाया तो किया हमला

मीडियाकर्मियों को एएसआई प्रशांत कुमार प्रकाश ने अपनी फोटो भेजकर बताया कि, उसने पत्नी को गोल्ड ज्वेलरी नहीं दिलाया। इस कारण उसने विवाद किया। जब वह सो रहा था, तब पत्नी ने हमला कर मारपीट की है।

## पत्नी ने कहा- बेटी से की मारपीट, इसलिए पीटा

इस मामले में महिला टीचर ने कहा कि, पति प्रशांत हमेशा शराब पीकर मारपीट कर परेशान करते हैं। वे बेटी को मार रहे थे, इस कारण मैंने हाथ छोड़ा। फिलहाल कोई शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई गई है।

## पिता के निधन के बाद मिली अनुकंपा नियुक्ति

बता दें कि, प्रशांत कुमार प्रकाश को पिता हेमंत प्रकाश के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति मिली है। बताया गया है कि वे पहले सरगुजा आईजी के कार्यालय में पदस्थ थे। शराबखोरी की शिकायतों के बाद उन्हें हटाकर बलरामपुर पोस्टेड किया गया है।

# युवक ने फांसी लगाने के पहले बनाया वीडियो...बोला-मुझे 3 युवक कर रहे प्रताड़ित

**छ.ग. फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले में 3 लड़कों से प्रताड़ित होकर एक युवक ने शनिवार को फांसी लगा ली। सुसाइड करने से पहले वीडियो भी बनाया है, जिसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। वीडियो में बताया कि मेरी मौत के जिम्मेदार यही 3 युवक हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम परम तिवारी (25) है, जो बौरीपारा गांव का रहने वाला था। परम की लाश फांसी के फंदे पर झूलती मिली है। वहीं सुसाइड से पहले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



## जानिए क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, 5 दिसंबर की परम तिवारी की शाम अग्रसेन चौक से लगे जिम में गया था। जिम से अपने दोस्त के साथ बाहर निकला। वहां एक परिचित युवक मिला। वहां से तीनों साथ निकले तो अग्रसेन चौक के पास कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद सभी लोग अपने-अपने घर आ गए। परम भी अपने घर आ गया। वहीं कुछ समय बाद विवाद करने वाले 3 युवक परम तिवारी के घर पहुंच गए। परम के पिता और उसके भाई से गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी दी। इससे परम टेंशन में आ गया और सुसाइड कर लिया। वायरल वीडियो के मुताबिक परम तिवारी ने आत्महत्या करने से पहले अपने मोबाइल पर 1 मिनट 22 सेकेंड का वीडियो रिकॉर्ड किया है। वीडियो में कह रहा है कि मेरा नाम परम तिवारी है। मैं सीकारी रोड निवासी आदित्य तिवारी का बेटा हूं।

शुक्रवार) शाम 5 बजे मैं जिम में था। जिम से निकलने के दौरान मैं और मेरा दोस्त राजेश नीचे उतरे। नीचे मेरे दोस्त का एक और दोस्त मिला, जो विक्रांत पंडित का इंतजार कर रहा था। नीचे उतरते हैं उसने विक्रांत से कहा कि मुझे तुमसे कुछ बात करनी है।

## लड़के ने विक्रांत से विवाद कर लिया

वीडियो में परम ने बताया कि यह लोग आगे निकल गए और हमें भी कहने लग गए कि साथ में आओ। विक्रांत छोटा है, इसलिए मैं उसके साथ चला गया। अग्रसेन चौक के आगे निकलते ही लड़के ने विक्रांत से विवाद कर लिया। हम लोगों ने जाकर उसको बचाया। इसके बाद उसे घर जाने के लिए कह दिया। हम लोग भी अपने घर आ गए। इसके बाद यह लोग मेरे घर आकर मेरी मां पिता और भाई को प्रताड़ित कर रहे हैं। उनके साथ गाली-गलौज कर रहे हैं। मुझे और मेरे भाई को मारने की धमकी दे रहे हैं। यदि मुझे कुछ होता है तो उसके जिम्मेदार महुआपारा निवासी छोटू पंडित उर्फ छोटू मिश्रा, बुद्धि पंडित और विक्रांत उर्फ प्रांजल मिश्रा होंगे।

## वीडियो के आधार पर पुलिस कर रही जांच

मामले में सीएसपी राहुल बंसल ने बताया कि, कोतवाली पुलिस युवक के वीडियो के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, तीनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। मामले में युवक के दोस्तों का बयान भी दर्ज किया जाएगा। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने नए किया आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

**छ.ग. फ्रंटलाइन अम्बिकापुर।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर में नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में नए कानूनी प्रावधानों, कानूनी प्रक्रियाओं तथा नागरिक हित में किए गए बदलावों को विस्तार से पेश किया गया है, जो न्याय-प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, स्पष्ट और तेज बनाने में सहायक होंगे। मंत्री श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आधुनिक समाज की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम काफी अहम है। न्याय का उद्देश्य केवल सजा देना नहीं बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का भाव जगाना भी है, उन्होंने कहा कि नई विधियाँ नागरिकों को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए, अपराध नियंत्रण और निवारण में पूरी तरह से मददगार साबित होंगी। प्रदर्शनी में विभिन्न आपराधिक मामलों से जुड़ी नई प्रक्रियाओं, न्यायालयों में सुनवाई की गति बढ़ाने के उपाय तथा कानून प्रवर्तन में सुधारों की व्यापक जानकारी



दी गई है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में जागरूकता और सुरक्षा भावना को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। यह प्रदर्शनी अगले सप्ताह तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, जिससे सभी वर्ग के लोग नई कानूनी व्यवस्थाओं को समझ सकें और इसका लाभ ले सकें। आम जनता प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश में कानून व्यवस्था और न्याय व्यवस्था के नवोन्मेष की झलक पा सकती है, जिससे आने वाले समय में सामाजिक स्थिरता और सुरक्षा को एक नया आयाम मिलेगा।

# महापरीक्षा अभियान को लेकर निकाली गई मशाल रैली

**छ.ग. फ्रंटलाइन अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा डॉ. दिनेश कुमार झा के नेतृत्व में अंबिकापुर विकासखंड



के ग्राम बकिरमा में महा परीक्षा अभियान के प्रति जागरूकता और सकारात्मक माहौल तैयार करने हेतु मशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत मसाले चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के गीत और साक्षरता संबंधी नारों के साथ हुई, जिसने पूरे गांव में शिक्षा के प्रति उत्साह और जागरूकता का वातावरण बना दिया।

# अमीन भर्ती परीक्षा आज, कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## जिले के 56 परीक्षा केंद्रों में 18,779 अभ्यर्थी होंगे शामिल, परीक्षा के सफल संचालन हेतु उड़नदस्ता दल एवं पर्यवेक्षक नियुक्त

**छ.ग. फ्रंटलाइन अम्बिकापुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 2025, आज होगी। परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर विलास भोसकर ने उड़नदस्ता दल एवं पर्यवेक्षकों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर भोसकर ने व्यापमं की परीक्षा गाइडलाइन से अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए, प्रवेश से पहले पूरी जांच सुनिश्चित की जाए और समय का कड़ाई से पालन हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पूर्ण सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। नोडल अधिकारी रामराज सिंह ने पर्यवेक्षक एवं उड़नदस्ता दल को जिम्मेदारियां सौंपी और व्यापमं द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में अमीन परीक्षा हेतु 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 18,779 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 2:15 बजे तक आयोजित होगी।

### परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचे, ताकि फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। सुबह 11:30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा दें। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरा चॉकलेटी रंग वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर की अनुमति, जांच के समय स्वेटर उतारना अनिवार्य। धार्मिक, सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना आवश्यक। फुटवियर में केवल चप्पल, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, स्कार्फ, टोपी आदि ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित। अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई और अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी केवल नीले या काले बॉल पेन के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करें। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा एवं व्यवस्था के कड़े उपाय सुनिश्चित किए हैं ताकि अमीन भर्ती परीक्षा का संचालन पूर्ण पारदर्शिता और व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

# अनुभव की दरियादिली ने समाज के लिए पेश की एक मिसाल

## तिलक में दिया गया नगदी रकम लौटाया, दहेज लेने से किया इंकार, खुद उठाया विवाह का पूरा खर्चा

**दूल्हे के इस अनुकरणीय पहल की चहुं ओर हो रही सराहना**

**छ.ग. फ्रंटलाइन सूरजपुर।** बीते गुरुवार को यहां संपन्न हुई शादी चर्चा का सबब बन गया है।दरअसल,आज भी दहेज प्रथा किसी अभिशॉप से कम नही है।इसी दहेज के अभिशॉप के कारण समाज मे बेटियों को न केवल बोझ मानने वालों की कमी नही है, कई बार इससे बेटियां आज भी प्रताड़ना के दौर से गुजरती है।हालांकि, इस बुराई पर कुछ हद तक अंकुश तो लगा है पर पूरी तरह बंद न होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को बेहद मुश्किलों का सामना अपनी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए करना पड़ता है।पर इसके इतर गुरुवार को यहां हुई एक शादी ने वर पक्ष ने न केवल अनुकरणीय पहल की बल्कि समाज मे एक अच्छा सन्देश देने का प्रयास किया जो चर्चा का सबब बन गया।कोरिया जिले के पटना क्षेत्र के शर्मा परिवार ने दहेज ठुकरा कर बड़ी राहत दी।यह निर्णय कोई और नही बल्कि खुद दूल्हे राजा ने ली।सरगुजा



जिले के सीतापुर क्षेत्र के ब्राह्मण परिवार की लड़की के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज की तैयारी की थी जिसमे नगद राशि के साथ गृहस्थी के सामान भी शामिल थे।चूंकि विवाह के पूर्व इसे लेने से वर पक्ष ने इंकार किया था।फिर भी,लड़की पक्ष ने अपनी तैयारी की थी और विवाह के पूर्व तिलक के रस्म के दौरान राशि देने की कोशिश की पर वर पक्ष ने लेने से दो टूक मना कर दिया। यही नहीं उन्होंने दहेज में उपहार स्वरूप समान लेने से भी साफ इनकार कर दिया। ग्राम अमहर के विजय शर्मा के पुत्र अनुभव शर्मा उर्फ गोलू जो एम आर के पद पर कार्यरत है,उन्होंने बताया कि उन्होंने जब से होश सम्हाला तब ही यह फैसला कर लिया था कि अपनी शादी में किसी तरह की दहेज नही लेंगे। सिर्फ एक जोड़ी कपड़े में कन्या को स्वीकार करेंगे।और यह अपने परिजनों को बता दिया था।जब उनकी शादी के लिए लड़की पक्ष उनके घर आया था तब भी वे अपनी बात बगैर लाग लपेट के बता दिया था।अनुभव के अनुसार अभी उनकी उम्र बहुत तो नही है पर समाज के अनुभव उन्हें यह बताते है कि जिस परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही है और लड़की की शादी करनी है तो फिर वह आर्थिक बोझ में डूब जाता है।और अगर कम हुआ तो लड़की का जीना भी मुश्किल हो जाता है।ऐसे में हम युवाओं को ही आगे आना होगा।तब ही समाज मे सुधार सम्भव होगा।इसलिए इसकी पहल मेने अपने से शुरू की है ताकि में किसी के लिए अनुकरण बन सकू ओर सलाह दे सकू।दूसरी बात यह हमें मानना होगा कि किसी को दबाव बना कर लेने से अच्छा है हम अपनी मेहनत से चीज बनाये ओर पूरी गरिमा के साथ रह सके साथ ही कोई भी लड़की समाज या परिवार में बोझ नही बल्कि बराबर की हिस्सेदार रहे जो हमारे संस्कार व शास्त्र कहते है।इस पर समाज को एक समुचित पहल करनी चाहिए ताकि इस समाज की बुराई से बाहर आ सके और लड़की को बोझ नही बल्कि हिस्सेदार समझा जाये और लड़की के पिता का सम्मान कम न हो।




## बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा 7 दिसम्बर को

**जिले में बनाये गये 573 परीक्षा केन्द्र परीक्षार्थी प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक हो सकते हैं परीक्षा में शामिल**

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 07 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में राज्यव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजन प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक किया जाएगा। इसमें शिक्षार्थी अपनी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।

परीक्षा में शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 03:00 घण्टे का समय दिया जाएगा। 07 दिसम्बर 2025 राज्यव्यापी शिक्षार्थी आकलन महापरीक्षा हेतु जिले में कुल 573 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिसमें विकासखण्ड बलरामपुर में 87, कुसमी में 97, राजपुर में 87, रामचन्द्रपुर में 125, शंकरगढ़ में 81 एवं वाड्रफनगर में 96 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उल्लास पोर्टल में पंजीकृत जिले के 26744 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्रों के मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# ऑनलाईन टोकन से आसान हुई धान बिक्री, डिकेश ने धान खरीदी व्यवस्था से जताई संतुष्टि

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रत्येक किसान अपनी उपज और मेहनत का सही दाम मिले, यही उम्मीद रखता है और किसानों की उम्मीद और उनकी उपज का वास्तविक मूल्य देने के लिए शासन प्रतिबद्ध है। शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। किसानों की वास्तविक उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है।

बलरामपुर विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र बड़कीमहरी में ग्राम सेमली के किसान श्री डिकेश कुमार सिंह ने लगभग 80 क्विंटल धान बिक्री करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से किसानों के लिए उन्नति का राह खोल दिया है। अब खेती बाड़ी से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने



कहा कि धान खरीदी केन्द्र में ऑनलाईन टोकन कटने के बाद धान बिक्री किया है। वे बताते हैं कि सोसायटी से खाद-बीज के लिए समय पर ऋण उपलब्ध होने से फसल का अच्छा उत्पादन हुआ है। किसान श्री डिकेश ने बताया कि पिछले वर्ष की धान बिक्री से उन्होंने कृषि भूमि का विस्तार किया था। इस वर्ष धान बिक्री की राशि से बच्चों की शिक्षा, बचत आगामी फसल की तैयारी में करेंगे। उन्होंने कहा है कि शासन की धान खरीदी नीति से किसानों के जीवन स्तर में परिवर्तन आया है। किसान श्री डिकेश ने बताया मोबाईल एप्प के माध्यम से ही घर बैठे ऑनलाईन टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिली है, जो कि उनके लिए काफी सुविधाजनक साबित हुआ है। उन्होंने धान विक्रय के लिए ऑनलाईन टोकन लिए थे जिसके पश्चात् समय पर ही उनके धान की आद्रता माप कर, पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया गया। बारदाना में धान भरने, तौलाई, सिलाई तथा स्टेक में रखने हेतु खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से समय पर ही उनका धान विक्रय हुआ है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में अच्छी व्यवस्था होने से उनके धान की बिक्री आसानी से समय पर सुनिश्चित हुआ है, जिससे वे संतुष्ट हैं।

# जिले में अब तक 330724.80 क्विंटल धान की खरीदी

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गया है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 49 सहकारी समितियों के अंतर्गत 49 धान उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

जिले में अब तक 49 समितियों में किसानों से कुल 330724.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिसमें धान खरीदी केन्द्र कपिलदेवपुर में 2684.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बादा में 3323.60, कुसमी में 4068.40, जवाहरनगर में 2124.80, कामेश्वरनगर में 16328.80, कोदवा में 1443.20, गोपालपुर में 4130.40, भेंडरी में 3334.40, चांदों में 10759.60, जमड़ी में 14487.60, जिगड़ी में 2588.80, जोकापाट में 808.40, डूमरपान में 7910.80, डिण्डों में 10578, डीपाडीह में 3604, डोंगरो में 3356.80, गांजर में 3310.40, त्रिकुण्डा में 9964.80, बगरा में 5416.40, तातापानी में 8638, धंधापुर में 8054.80, डौरा में 4812.80, पस्ता में 3168.80, बड़कागांव में 12681.20, बरतीकला में 8172, बरदर में 6778, आरा में 1866.80, बरियो में 8668, बलंगी में 6303.20, बलरामपुर में 7956.40, बसंतपुर में 9888, भुलसीकला में 1326.80, भंवरमाल में 14598, रामानुजगंज 7774, महाराजगंज में 13506.40, महावीरगंज में 6924.80, विजयनगर में 12265.20, रघुनाथनगर में 7090.80, रनहत में 2098.80, राजपुर में 10252.40, दोलंगी में 5463.20, रामचन्द्रपुर में 1982, रामनगर में 9588.40, वाड्रफनगर में 4665.60, स्याही में 6820, विरेन्द्रनगर में 13483.20, सरना में 7810, सेवारी में 6964.40 एवं सामरी में 898.80 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।

## बिहान योजना से बदली जिंदगी, गोवर्धनपुर की सुमतिया बनी लखपति दीदी

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं शासन की राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियां, जिससे जुड़कर महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। ऐसी ही एक मिसाल है, वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम गोवर्धनपुर की लखपति दीदी श्रीमती सुमतिया, जिन्होंने चुनौतियों एवं संघर्ष के बावजूद अपने हौसले एवं आत्मविश्वास से अपनी राह बनाई।



उन्होंने बताया कि वे गेंदा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी है और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से उन्हें मदद मिली। उन्होंने बताया कि बिहान से जुड़ने से पहले वे घरेलू कार्य के साथ खेती-किसानी का कार्य करती थी तथा घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण लेकर अपना किराना दुकान शुरू करने वाली श्रीमती सुमतिया ने बताया कि उन्होंने अब तक वे बिहान योजना के माध्यम बैंक क्रेडिट लिंकेज प्राप्त हुआ। अभी वे किराना दुकान के साथ कृषि गतिविधियों को भी बेहतर ढंग से प्रबंधित किया। साथ ही बैंक सखी एवं वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूकता के लिए कार्य कर रही है और उनकी वार्षिक आय लगभग 1 लाख रूपए है। और वे लखपति दीदी के रूप में जानी जा रही है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैंने कभी सोचा नहीं था की मैं भी लखपति बन पाऊंगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद यह सपना साकार हो गया है। उन्होंने बताया कि बैंक सखी के रूप में कार्य करने से आत्मविश्वास बढ़ा, वहीं आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता के लिए कार्य कर रही हैं तथा जनसामान्य को शासन की योजनाओं की जानकारी दे रही है। लखपति दीदी श्रीमती सुमतिया ने बिहान योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

# 17.64 लीटर अवैध विदेशी शराब सहित मोटरसायकल जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री एस.एन साहू के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा जिले के थाना बसंतपुर के अंतर्गत 01 प्रकरण पर कार्यवाही करते हुए अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि थाना बसंतपुर के अंतर्गत ग्राम बाजरा में दशरथ सरूता के द्वारा अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। सूचना के आधार पर जांच में उसके पास से 17.64 लीटर अवैध विदेशी शराब (उत्तर प्रदेश राज्य में विक्री हेतु) एवं एक मोटरसायकल जब्त किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



जिला आबकारी अधिकारी श्री साहू ने बताया है अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन तथा सार्वजनिक जगहों पर मदिरापान और राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों के किनारे संचालित होटल, ढाबा में शराब रखने, पीने एवं पिलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आबकारी अधिकारी ने बताया है कि अवैध मदिरा के संबंध में आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07831-299241 एवं टोल फ्री नम्बर 14405 पर सूचित किया जा सकता है।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** किसान हमेशा से अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहे हैं। खेतों में किया गया उनका कठिन परिश्रम न केवल अन्न पैदा करता है, बल्कि खाद्य सुरक्षा को भी मजबूत करता है। ऐसे में शासन द्वारा किसान हितैषी नीतियों के परिणाम स्वरूप किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था ने हजारों किसानों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। ग्राम पंचायत जवाहर नगर के किसान श्री बादल मलिक बताते हैं कि सरकार की किसान हितैषी नीतियों ने उन्हें नई दिशा दी है। खेती के प्रति उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। श्री बादल मलिक धान उपार्जन केंद्र बरदर पहुंचे, जहाँ उन्होंने 257 बोरी धान का विक्रय किया। उन्होंने धान बिक्री के लिए ऑनलाईन टोकन करवाया था। वे बताते हैं कि जैसे ही हम खरीदी केंद्र पहुंचे, तुरंत धान की तुलाई कर दी गई। न कोई भीड़, न कोई परेशानी हुई। इससे हमारा समय भी बचा और धान की बिक्री भी आसानी से हो गई। श्री मलिक बताते है कि धान की बिक्री पश्चात प्राप्त राशि से वे अपने घर के निर्माण को पूरा करेंगे। पहले आर्थिक तंगी के कारण घर निर्माण का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा था। लेकिन अब समर्थन मूल्य पर धान बेचकर मिलने वाली राशि के सहारे वे परिवार के लिए एक सुरक्षित और पूर्ण आशियाना तैयार कर पाएंगे। साथ ही उनके लिए घर की रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करना अब पहले की तुलना में अधिक सरल हो गया है। श्री मलिक के पास किसान क्रेडिट कार्ड भी है। इसके माध्यम से वे समय-समय पर आवश्यक कृषि ऋण लेकर खरपतवार दवाइयाँ, बीज, खाद और अन्य सुविधा का लाभ ले रहे हैं। वे कहते हैं कि किसान क्रेडिट कार्ड ने हमें खेती में काफी मदद की है। समय पर मिलने वाले ऋण से उत्पादन बढ़ा है और फसल भी बेहतर हो रही है।

शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कारण किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के माध्यम से बादल जैसे अनेक किसानों के जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। किसान अब खेती में नए प्रयोग करने, आधुनिक तकनीक अपनाने और विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में रुचि दिखा रहे हैं।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की छात्रा निहारिका नाग बनी राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**★ राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कला उत्सव उद्भव 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का किया नाम रोशन ★ मिट्टीकला में निहारिका ने बढ़ाया प्रदेश का मान**

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शंकरगढ़ की होनहार छात्रा निहारिका नाग ने वह कर दिखाया है, जिसका सपना हर विद्यार्थी देखता है। साधारण आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली यह बाल प्रतिभा आज अपने हुनर से न सिर्फ जिले का, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय मानचित्र पर रोशन किया है।

### मिट्टीकला में मिला नया आयाम

शंकरगढ़ की कक्षा 11वीं की छात्रा निहारिका नाग को एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के बाद अपनी मिट्टी कला सामर्थ्य को निखारने का सुनहरा अवसर मिला, जहां विद्यालय के बेहतर माहौल, उपलब्ध संसाधनों और विशेषज्ञों के प्रशिक्षण ने उनके सपनों को मजबूती दी।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्वर्ण पदक से मिली नई उड़ान

निहारिका ने पहले जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह जीत उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान देने में सहायक साबित हुई।

### उद्भव 2025 में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक से हुई दोहरी जीत

इसके बाद निहारिका ने आंध्र प्रदेश में आयोजित 6 वीं ईएमआरएस राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कला उत्सव उद्भव 2025 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। लगातार दोहरा स्वर्ण पदक जीतकर निहारिका ने अपने विद्यालय और छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया है।



### शिक्षकों का मार्गदर्शन बना सफलता की नींव

निहारिका के इस सफलता के पीछे उनके कला शिक्षक श्री राहुल जंघेल की प्रेरणा और विद्यालय के प्राचार्य श्री संजय कुमार तिर्की का सतत सहयोग और मार्गदर्शन रहा। निहारिका ने साबित कर दिखाया कि प्रतिभा को बस सही मंच की जरूरत होती है। निहारिका की बचपन से ही मिट्टी कला के प्रति गंभीर रुझान रखती थीं और विद्यालय ने उनकी इस प्रतिभा को ऊंचाई तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मेहनत और मार्गदर्शन से बनती है नई पहचान

निहारिका की इस उपलब्धि से बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में उत्साह का माहौल है। निहारिका की सफलता उन विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद ऊंचे सपने देखते हैं। निहारिका नाग की तरह मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी विद्यार्थी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकता है।

# ग्राम पंचायत चिलमा में लगा संध्या चौपाल

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विकासखंड बलरामपुर के चिलमा गाँव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। संध्या चौपाल में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने कोरवा समुदाय की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के साथ जमीन पर बैठकर आत्मीय संवाद किया। उन्होंने प्रत्येक परिवार से उनकी वास्तविक जरूरतें, योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति, समस्याएँ और सुझावों को विस्तार से सुना।



सीईओ श्रीमती तोमर ने ग्रामीणों को से कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य आपके जीवन में स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाना है। शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे और इस योजना के तहत हर कार्य को जिम्मेदारी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि योजनाओं में मिली राशि का सही उपयोग करें और निर्धारित समय में आवास निर्माण पूरा करें। चौपाल के दौरान आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को सम्मानित किया गया इससे न केवल उन्हें प्रोत्साहन मिला, बल्कि अन्य परिवारों को भी अपने आवास निर्माण को समय पर पूरा करने के लिए प्रेरणा मिली। इस अवसर पर नुक्कड़-नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नाटक में संदेश दिया गया कि योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि का दुरुपयोग न करें। राशि का सही उपयोग करते हुए निर्धारित समय में आवास निर्माण पूरा करें, ताकि सभी पात्र परिवार को पक्के आवास की सुविधा प्राप्त हो।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री-जनमन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 3347 आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें से 3317 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 3084 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त, 2701 हितग्राहियों को तृतीय किश्त दिया गया है और 2205 आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं। शेष आवास प्रगतिरत हैं। इस संध्या चौपाल में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना समाधान के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी योजनाओं को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने अपील भी की।

# विद्युत विभाग का बड़ा एक्शन, 88 बकायादारों के काटे गए कनेक्शन

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में बकाया बिजली बिल की लगातार बढ़ती राशि पर प्रभावी नियंत्रण तथा लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही के लिए विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विगत दिवस 05 दिसम्बर 2025 को बरियो वितरण केंद्र में विशेष वसूली अभियान चलाया गया, जिसके तहत विभागीय टीम ने बड़ी कार्रवाई की। मुख्य अभियंता अम्बिकापुर क्षेत्र श्री यशवंत शिलेदार के नेतृत्व में ,अधीक्षण अभियंता श्री के.एन. सिंह, कार्यपालन अभियंता बलरामपुर श्री प्रकाश अग्रवाल तथा जिले में पदस्थ सभी सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की संयुक्त टीम सुबह 10रू00 बजे ही बरियो पहुंची और बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की शुरुआत की। इस दौरान 88 बकायादारों के कनेक्शन बकाया राशि 23,96,988 रुपये के लिए काटे गए। 24 बकायादारों ने तत्काल अपने बकाये का भुगतान करते हुए कुल 9,19,563 रुपये जमा किए। मुख्य अभियंता श्री शिलेदार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बकाया वसूली के लिए प्रतिदिन इसी प्रकार सघन मुहिम चलाएं, ताकि बकाया राशि की रिकवरी में तेजी लाई जा सके। उन्होंने निर्देश दिए है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं, उनके घरों की शाम के समय नियमित जांच की जाए। यदि कोई उपभोक्ता अनाधिकृत रूप से बिजली उपयोग करते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आसपास से अनाधिकृत कनेक्शन लेकर बिजली उपयोग करने पर धारा 138 के तहत एफआईआर दर्ज कर न्यायालयीन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल जमा कर कार्य में सहयोग दें अन्यथा नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।

## निधन
## जोगीन्द्र प्रसाद गुप्ता

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल हॉस्पिटल कालोनी 1 बी क्वार्टर नंबर 219 निवासी सेवानिवृत्त



कोल कर्मी जोगीन्द्र प्रसाद गुप्ता का शुक्रवार की शाम निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार आज 7 दिसंबर रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भाई राजेंद्र प्रसाद, धीरेन्द्र प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता पुत्र मिथलेश गुप्ता गोलू, कमलेश गुप्ता मोनू समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

# अमेरा खुली खदान प्रकरण पर ग्रामीण-भाजपा-एसईसीएल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अम्बिकापुर। अमेरा खुली खदान क्षेत्र में विगत दिनों पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुए पथराव तथा विपक्षियों द्वारा फैलाए गए दुष्प्रचार की पृष्ठभूमि में शनिवार को ग्राम परसोंडी कला में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल, जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया के साथ वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी तथा एससीईएल (एसईसीएल) अमेरा खदान के जी.एम. संजय कुमार सहित खदान प्रबंधन की टीम उपस्थित रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की वास्तविक समस्याओं को समझना, स्थिति को शांत करना तथा उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार करना रहा। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने मिलकर ग्रामीणों की मांगों को विस्तारपूर्वक सुना और समाधान हेतु सहमति बनाई। बैठक में उठाए गए प्रमुख मुद्दों में जमीन के बदले नौकरी प्रदान करने की नीति में पारदर्शिता लाने और पात्र परिवारों को प्राथमिकता देने पर सहमति, वर्ष 2025 के मुआवजा वितरण को सरल, त्वरित व पारदर्शी बनाने के लिए नई प्रक्रिया विकसित करने पर चर्चा, विस्थापन प्रक्रिया को न्यायसंगत, सुव्यवस्थित और ग्रामीण हितैषी बनाने हेतु खदान प्रबंधन व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त योजना बनाने का निर्णय, हाल में हुए पथराव प्रकरण में ग्रामीणों पर दर्ज मामलों की समीक्षा कर उन्हें यथासंभव हल कराने के लिए प्रयास करने पर चर्चा तथा 07 दिसंबर को गांव प्रतिनिधि मंडल, मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने पर सहमति, ताकि सभी मुद्दों पर एक साथ समाधान खोजा जा सके। जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया ने कहा कि ग्रामीणों के हित भाजपा के लिए सर्वोपरि हैं। समस्याओं के समाधान हेतु सभी जनप्रतिनिधि, खदान प्रबंधन एवं प्रशासन एकजुट होकर कार्य करेंगे, जिससे क्षेत्र में तनाव व भ्रम समाप्त हो और ग्रामीणों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। एससीईएल अमेरा खुली खदान के जीएम संजय कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि खदान प्रबंधन हर संभव सहयोग करेगा और सभी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ हल करने का प्रयास किया जाएगा। उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता हरपाल सिंह भामरा, मधुसूदन शुक्ला, दिनेश गुप्ता, दिनेश साहू, निलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, जन्मजय मिश्रा, सुभाष अग्रवाल, सुरेंद्र साहू, कामेश्वर राजवाड़े, महेश्वर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीण प्रतिनिधियों में जगत सिंह, राम कुमारी सिंह, भोला राजवाड़े, मोहन राजवाड़े, अनिल राजवाड़े, सुदर्शन मानिकपुरी सहित अनेक ग्रामीण बड़ी संख्या में बैठक में शामिल हुए।

# मृणाल मंडल ने धान विक्रय का सही मूल्य मिला

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। ऑनलाइन टोकन प्रणाली ने धान खरीदी प्रक्रिया को सरल और सहज बनाया है। किसान स्वयं ऑनलाइन टोकन के माध्यम से घर बैठे ही टोकन प्राप्त कर सकते हैं। समिति में पहुंचते ही उन्हें बिना किसी परेशानी के धान बेचना आसानी हुआ। जिला बलरामपुर- रामानुजगंज के बलरामपुर विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र बरदर में ग्राम रामनगरकला रहने वाले किसान मृणाल मंडल ने अपनी मेहनत से उपजे लगभग 166 बोरी धान का विक्रय किया। समिति में मिली बेहतर व्यवस्था, सहज प्रक्रिया और त्वरित खरीदी ने उन्हें संतुष्ट किया, मृणाल मंडल बताते हैं कि धान का सर्वाधिक मूल्य ने उनकी मेहनत को सही मूल्य दिलाया है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी का प्रावधान किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। मंडल ने बताया कि समय पर समिति पहुंचना और तुरंत धान की खरीदी होना उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव रहा। बिना लंबी प्रतीक्षा और बिना किसी भागदौड़ और सुव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था से धान विक्रय हो गया। उन्होंने बताया की इस बार की उपज के मिले राशि से परिवार की जरूरत, अगली फसल की तैयारी में उपयोग करेंगे। मंडल ने धान खरीदी व्यवस्था को सरल एवं सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त भी किया।

# भाजपा सरगुजा का पीड़ित परिवारों से मिलकर न्याय का आश्वासन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अम्बिकापुर। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व एवं महापौर मंजूषा भगत की विशेष उपस्थिति में एक प्रतिनिधि मंडल ने सीतापुर के ओराँव पारा में पहुँचकर हाल ही में मारपीट के शिकार पीड़ित परिवारों से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने निहाल खलखो पिता-रामदेव, अमन खेस पिता-प्रकाश और नवीन पैकरा पिता-सुखसाय पैकरा के घर जाकर घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें हर स्तर पर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान कुछ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा की गई मारपीट एवं कथित देश-विरोधी नारेबाजी की जानकारी भी सामने आई।इस पर भारत सिंह सिसोदिया ने दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की बात करते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक भाजपा सरगुजा उनका साथ निभाएगीह्व तथा भाजपा सरगुजा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था को किसी भी स्थिति में आहत नहीं होने देगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अरुणा सिंह, उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, संयोजक निलेश सिंह, संवाद प्रमुख रुपेश दुबे, श्रवण दास, अनिल अग्रवाल, त्रिलोचन सदावर्ती, भगत सिंह, विजय गुप्ता, संगीता कंसारी, विष्णु अग्रवाल, रविकांत ओराँव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजनगर। स्वतंत्रता आन्दोलन में जनजाति समाज के अनेक आंदोलनकारी महापुरुषों के योगदान को पूर्व की सरकारों ने विस्मृत कर दिया था। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर 2021 को घोषित कर जनजाति समाज के महापुरुषों को सम्मान देकर उनका गौरव बढ़ाने का काम किया है। उक्त विचार प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय रामानुजनगर में आयोजित जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत एतिहासिक सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में व्यक्त किए। विधायक भूलन सिंह ने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जनजाति समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का न सिर्फ महत्वपूर्ण कार्य कर रही है बल्कि महापुरुषों को सम्मान देते हुए धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर योजना लांच कर जनजाति बाहुल्य गांवों के समुचित विकास की कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है, अलग से जनजाति मंत्रालय बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही है जिसने जनजाति समाज की बेटी द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर जनजाति गौरव को बढ़ाने का काम किया है। विधायक ने बताया कि आजादी के बाद भारत की शिक्षा नीति ऐसी थी कि स्वतंत्रता आन्दोलन में जनजातियों के सामाजिक राजनैतिक व आध्यात्मिक योगदान के विषय में कुछ भी नहीं पढ़ाया गया। भाजपा की सरकार आने के बाद इसके लिए न ई शिक्षा नीति बनाई गई लेकिन दुर्भाग्यवश यहां छत्तीसगढ़ में नई शिक्षा नीति को लागू नहीं किया गया। विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में जनजाति गौरव दिवस मनाए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य वक्ता वनवासी कल्याण आश्रम की उपाध्यक्ष जयंती भगत ने महारानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, गुंडा धुर जैसे महान जनजाति समाज के महापुरुषों तथा उनके योगदान विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिए। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजलाल राजवाड़े भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने भी संबोधित किया।इसके पूर्व अतिथियों ने सरस्वती माता भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी तथा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री सौभाग्य दुबे जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह उपाध्यक्ष रामप्रताप साहू, भाजपा उपाध्यक्ष हेमंत यादव, मंत्री खेलसाय राजवाड़े, रामानुजनगर सरपंच राम सिंह, त्रिपुरेश्वरपुर सरपंच सुकुल पंडो, मदनपुर सरपंच हींगबली पैकरा , प्राचार्य एच एन दुबे, प्राध्यापक रामकुमार साहू पुनीत विजय टोप्पो चित्रलेखा सिंह सहित कालेज के प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक अन्य स्टाफ तथा अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# विद्युत विभाग ने 88 बकायादारों के काटे कनेक्शन,

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। बिजली बिल की लगातार बढ़ती राशि पर प्रभावी नियंत्रण तथा लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही के लिए विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विगत दिवस बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के बरियो वितरण केंद्र में विशेष वसूली अभियान चलाया गया, जिसके तहत विभागीय टीम ने बड़ी कार्रवाई की। मुख्य अभियंता छत्तीसगढ विद्युत वितरण कंपनी अम्बिकापुर क्षेत्र यशवंत शिलेदार के नेतृत्व में, अधीक्षण अभियंता के.एन.सिंह, कार्यपालन अभियंता बलरामपुर प्रकाश अग्रवाल तथा जिले में पदस्थ सभी सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की संयुक्त टीम सुबह 10:00 बजे ही बरियो पहुंची और बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की शुरूआत की। इस दौरान 88 बड़े बकायादारों के विद्युत कनेक्शन की बकाया राशि 23 लाख 96 हजार 988 रुपये के लिए काटे गए। 24 बकायादारों ने तत्काल अपने बकाये का भुगतान करते हुए कुल 9 लाख 19 हजार 563 रुपये जमा किए। मुख्य अभियंता शिलेदार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बकाया वसूली के लिए प्रतिदिन इसी प्रकार सघन मुहिम चलाएं, ताकि बकाया राशि की रिकवरी में तेजी लाई जा सके। उन्होंने निर्देश दिए है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं, उनके घरों की शाम के समय नियमित जांच की जाए।यदि कोई उपभोक्ता अनाधिकृत रूप से बिजली उपयोग करते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आसपास से अनाधिकृत कनेक्शन लेकर बिजली उपयोग करने पर धारा 138 के तहत एफआईआर दर्ज कर न्यायालयीन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल जमा कर कार्य में सहयोग दें अन्यथा नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।

# धान उपार्जन केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं से किसानों के लिए धान विक्रय करना हुआ आसान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा और हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। पारदर्शी व्यवस्था और आसान प्रक्रियाओं ने किसानों का धान विक्रय अब और अधिक सुगम, सरल और सुविधाजनक बना दिया है।

अम्बिकापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुडेसा के रहने किसान मीना राम विश्वकर्मा ने धान खरीदी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी एक एकड़ 16 डिसमिल जमीन से 21 क्विंटल धान उपार्जन हेतु वे मेंड्राकला धान उपार्जन केन्द्र पहुंचे। उन्होंने कहा कि समिति में टोकन कटाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। किसान विश्वकर्मा ने बताया कि उपार्जन केन्द्र पहुंचते ही नमी परीक्षण, धान की गुणवत्ता जांच और अन्य प्रक्रियाएं तुरंत पूर्ण की गईं। इसके बाद बारदाना उपलब्ध कराया गया और धान की तौल पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान मूल्य मिलने से किसानों को बड़ा आर्थिक लाभ हो रहा है। इससे किसान अधिक सशक्त और समृद्ध बन रहे हैं। धान खरीदी व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला में शासन के निदेर्शों के अनुरूप सभी धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिये सुविधाएं बेहतर की गई हैं, जिससे धान विक्रय के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में धान खरीदी व्यवस्था लगातार बेहतर और अधिक पारदर्शी बनाएं रखने के लिए निगरानी दल निरीक्षण कर रहे हैं।

# उल्लास नवभारत महापरिक्षा के सफल आयोजन हेतु निकाली गई रैली

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के माध्यमिक विभाग के छात्रों के द्वारा नगर में रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ने हेतु उल्लास नवभारत महापरिक्षा के सफल आयोजन हेतु प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक बिहारी लाल साहू के द्वारा किया गया। बीपीओ रविनाथ तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आकलन परीक्षा 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 5 बजे तक रामानुजनगर विकासखंड के 75 गाँव में आयोजित होना है।जिसमें 4558 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। पूर्व में सर्वे कर पंद्रह वर्ष से अधिक उम्र के निरक्षरों को चिनांकित कर पठन पाठन कार्य व प्रेरित करने हेतु स्वयंसेवकों के माध्यम से उन्हें शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया जिसका आकलन परीक्षा कल सुबह दस बजे से पांच बजे तक होना है रैली के आयोजन में जनपद सदस्य गुलाब सिंह, मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, राजलाल राजवाड़े, सुखसाय बैगा, राजेश साहू, सौभाग्य दुबे सहित कई जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जनप्रतिनिधियों ने अपील किया कि क्षेत्र के असाक्षर व नवसाक्षरों को इस महापरिक्षा में हिस्सा लें। रैली का सफल आयोजन शिक्षक बिहारीलाल साहू, प्रकाश कुमार, वर्षा सिंह, योगेश साहू, पुष्पेन्द्र ठाकुर ने मिलकर आवश्यक सहयोग कर रैली को सफल बनाया।

# सात दिसंबर को लगेगा नेत्र शिविर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

नसीराबाद, रायबरेली। आम जनता के सुख दुःख में शामिल रहने वाली छतोह ब्लॉक की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था ओंकार सेवा संस्थान बभनपुर और सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट के संयुक्त प्रयास से कई जनपदों के नेत्र रोगियों को नई ज्योति मिली है। प्रत्येक महीने की 07 तारीख को क्षेत्र में नेत्र शिविर लगाए जाते हैं। इधर लगभग 01 साल से ब्लॉक मुख्यालय छतोह के पास जायस सलोन रोड पर स्थित बद्री प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में यह कैंप लगाया जाता है।इस बार 07 दिसंबर को सद्गुरु साईं ट्रस्ट के चिकित्सक रोगियों का नेत्र परीक्षण करेंगे और उनमें से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित रोगियों को ट्रस्ट की बसों द्वारा सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के लिए रवाना करेंगे। ओमकार सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने बताया कि सद्गुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा आवागमन और ऑपरेशन आदि की सुविधा मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। उन्हें अपने साथ आधार कार्ड लाना जरूरी होता है। ओंकार सेवा संस्थान के प्रबंधक परविंद कुमार वैश्य ने बताया कि इस बार भी रविवार 07 दिसंबर को नेत्र शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले सभी रोगियों के परीक्षण, चिकित्सा,ठहराव,ऑपरेशन और आवागमन का समस्त व्यय स्वामी प्रहलाद प्रभा द्वारा संस्थापित ओंकार सेवा संस्थान बभनपुर और साईं सेवा ट्रस्ट द्वारा वहन किया जाता है, रोगियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता।

# रासेयो एवं यूनिसेफ ने त्रिपुरेश्वरपुर में चलाया ग्राम संपर्क अभियान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन





रामानुजनगर। यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा-सुरक्षित लइकामन 3.0ह्व अंतर्गत ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर में व्यापक ग्राम संपर्क एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामानुजनगर के रा.से.यो. इकाई के स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को दैनिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। इनमें हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, गुड टच-बैड टच, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक हिंसा, भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दे शामिल थे। ग्रामीणों तक प्रभावी संदेश पहुँचाने के लिए नुक्कड़ नाटक, परिचर्चा, स्लोगन एवं शपथ जैसे माध्यमों का उपयोग किया गया। प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, तथा ग्राम के आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में सहभागिता की और इसे सकारात्मक रूप से सराहा। अभियान में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय एवं यूनिसेफ का सहयोग और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में रा.से.यो. इकाई से 12 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, वहीं कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा ने सम्पूर्ण आयोजन का नेतृत्व करते हुए जागरूकता गतिविधियों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर में आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों एवं समुदाय की सुरक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि ऐसे जागरूकता अभियानों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

## सम्पादकीय

# एसआईआर पर लगी अब 'सुप्रीम' मुहर

विपक्ष द्वारा किए जा रहे शोर-शराबे और हंगामे के बीच अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) पर मुहर लगा दी है। गुरुवार को शीर्ष अदालत में भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। वहीं, राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध करवाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से साफ है कि अब एसआईआर का काम रुकने वाला नहीं है। हालांकि शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती पर विचार करें। इससे बीएलओ पर काम का दबाव कम होगा। बता दें कि एसआईआर में लगे अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। वहीं, चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देश के 12 राज्यों में चल रहे गहन वोटर पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर कराने को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास ऐसा करने का पूरा संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया को रोकने से साफ इनकार कर दिया। इसके साथ ही यह भी कहा कि अगर इसमें कोई अनियमितता सामने आई तो वह तुरंत सुधार के आदेश देगा। बेंच ने राजद सांसद मनोज झा की याचिका पर कहा कि एसआईआर की जरूरत पर सवाल उठाने वाले तर्कों में कोई दम नहीं है। सीजेआई ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को त्योहार की तरह मनाया जाता है। वहां हर व्यक्ति को पता होता है कि गांव का निवासी कौन है और कौन नहीं। वहां अधिकतम मतदान होता है और लोग अपने वोट को लेकर बहुत सजग रहते हैं। मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है और इसके लिए वह जरूरी कदम उठा सकता है। इसके लिए उसे रोका नहीं जा सकता। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कोई ठोस शिकायत अभी तक सामने नहीं आई है, इसलिए इसे रोकने का कोई आधार नहीं बनता। अगर कोई वास्तविक शिकायत या अनियमितता सामने आती है तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा और सुधार के आदेश देगा। कोर्ट ने यह भी भरोसा दिलाया कि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया की वजह से अपने अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए वह चौकस रहेगा। राजद सांसद मनोज झा ने अपनी याचिका में एसआईआर को लोगों को मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित कोशिश बताया था। कोर्ट ने हालांकि प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि अभी तक कोई ऐसा सबूत नहीं दिया गया है जिससे यह लगे कि यह प्रक्रिया व्यापक स्तर पर लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। यह मामला अब आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल एसआईआर का काम पूरे देश में निर्बाध रूप से जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोकने से इनकार कर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया है।

# पुतिन की भारत यात्रा के आयाम



शिखर सम्मेलन

प्रभात कुमार रॉय

अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है।

भारत और रूस के वार्षिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा से भारत और रूस के मध्य एक नए कूटनीतिक युग का सूत्रपात हो चुका है। अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है।

इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है। विगत तीन वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन राष्ट्रपति पुतिन को वैश्विक मंचों से अगल-थलग करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से ही भारत वस्तुतः सोवियत रूस का एक अत्यंत निकट रणनीतिक साझीदार देश रहा। वर्ष 1991 में सोवियत रूस के राजनीतिक विघटन के तत्पश्चात भी भारत और रूस के मध्य स्थापित हुए ताल्लुकात में रणनीतिक निकटता और आर्थिक सहयोग बाकायदा बरकरार रहा। एक ऐसा ऐतिहासिक दौर भी था, जबकि विखंडित भारत से जन्म लिए मुल्क पाकिस्तान का अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की शक्तियां प्रबल तौर से सैन्य समर्थन कर रही थी। अमेरिका के नेतृत्व में पाकिस्तान को सैन्य संगठन सेंट्रल मिलिट्री ट्रिटी ऑर्गनाइजेशन (सैंटो) का सक्रिय सदस्य बनाया गया था। तत्कालीन सोवियत रूस द्वारा कामरेड खुरुश्चोव के काल से ही भारत को प्रबल आर्थिक सहयोग और सैन्य समर्थन प्रदान किया गया।

पाकिस्तान और भारत के मध्य अक्तूबर 1947 से पाक आक्रमण से उपजे रक्तरंजीत कश्मीर विवाद पर संयुक्त राष्ट्र की सिक्योरिटी काउंसिल में भारत के समर्थन में रूस द्वारा छह दफा वीटो अंजाम दिया गया। आज के दौर में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से कमर कसकर पाकिस्तान का पक्ष लेने और उसकी सक्रिय हिमायत करने में उतारू हो गए हैं और भारत के विरुद्ध अन्यायपूर्ण तौर पर टैरिफ आयद करने के निरंतर एक के बाद एक निर्णय ले रहे हैं। भारत के लिए संकटपूर्ण आर्थिक दौर में रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा भारत के समक्ष प्रबल रणनीतिक और आर्थिक सहयोग स्थापित करने की कूटनीतिक पेशकश की गई है। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पस्कोव ने बयान में कहा कि देखना है कि भारत और रूस के मध्य सहयोग को शिखर बिंदु पर ले जाए जाने की राष्ट्रपति पुतिन की पेशकश को भारत किस अंदाज से स्वीकार करता है। पेस्कोव ने आगे फरमाया कि भारत के साथ रूस अपना आर्थिक और रणनीतिक सहयोग कूटनीतिक सरहदों से कहीं अधिक ऊपर जाकर स्थापित करने के लिए तत्पर है। उन्होंने अपने कूटनीतिक अंदाज में कहा कि भारत जिस हद तक रूस के साथ सहयोग के लिए अपने कदमों को आगे बढ़ाएगा, निश्चित तौर पर रूस भी भारत के साथ उसी गति से अधिकाधिक सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएगा। भारत की अपनी



यात्रा प्रारंभ करने से ठीक पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी अपने बयान में कहा कि रूस की सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को एक उच्च शिखर तक ले जाना चाहती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारणवश रूस अनेक वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन द्वारा आयद किए गए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का निरंतर सामना कर रहा है। इस कारण रूस की आर्थिक और सैन्य निर्भरता चीन के ऊपर बहुत अधिक बढ़ गई है।

चीन पर रूस की बढ़ती हुई निर्भरता को संतुलित करने की खातिर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत के रणनातिक और आर्थिक सहयोग की प्रबल आवश्यकता प्रतीत हो रही है। अतः राष्ट्रपति पुतिन भारत को चीन के समकक्ष रणनीति दर्जा प्रदान करने के लिए तैयार हो गए और चीन पर निरंतर बढ़ती हुई रूस की निर्भरता को भारत के साथ मिलकर संतुलित करने का जोरदार प्रयास कर रहे हैं। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर शीत युद्ध का एक बार फिर से आगाज हो चुका है और दुनिया दो सैन्य गुटों में विभाजित होती हुई नजर आने लगी है। जहां एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां विद्यामान हैं, तो दूसरी तरफ रूस, चीन और ईरान आदि अनेक देशों का सैन्य गुट सन्नद है। आजादी के संपूर्ण दौर में भारत परंपरागत तौर पर नेहरू युग से ही एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में भी स्वतंत्र विदेश नीति पर बाकायदा गतिशील रहते हुए, भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति का सदैव अनुसरण किया है। रूस का अत्यंत निकट रणनीतिक सहयोगी देश होते हुए भी रूस की खातिर, भारत द्वारा अमेरिका का कदाचित परित्याग नहीं किया गया। वर्ष 2001 में अमेरिका के न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 9/11 के नृशंस जेहादी आक्रमण के पश्चात भारत और अमेरिका राजनीतिक और रणनीतिक रूप से निकट आ गए। वर्तमान काल में अघोषित शीत युद्ध के दौर में भारत अनेक विकट चुनौतियों से जूझ रहा है। खासतौर पर अमेरिका द्वारा पेश की गई टैरिफ आक्रमण की भीषण चुनौती से भारत का सामना है। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध करते हुए भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सोवियत रूस के साथ एक 20 वर्षीय सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तब भी अपनी स्वतंत्र गुटनिरपेक्ष नीति पर भारत बाकायदा कायम बना रहा और अपने संबंधों को किसी भी तौर पर पाकिस्तान का सैन्य समर्थन करने वाले अमेरिका के साथ कदाचित शिथिल नहीं होने दिया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भयानक तौर पर किए जा रहे टैरिफ आक्रमणों के बावजूद भारत ने अभी तक अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिशोधात्मक कार्यवाही नहीं की है। भारत द्वारा अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अंजाम देने के प्रयास निरंतर जारी रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत की निर्भरता रक्षा क्षेत्र में रूस से निरंतर आयात की जाती रही सैनिक सैन्य सामग्री पर सदैव से रही है। भारत के रक्षा क्षेत्र में तकरीबन 70 फ़ीसदी आधुनिकतम हथियार रूस द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक नेटवर्क से जुड़कर भारत को बेहद फायदा होगा। भारत द्वारा विगत कुछ वर्षों से बहुत बड़े पैमाने पर रूस से कच्चे तेल का आयात किया जाता रहा है। रूस से कच्चा तेल आयात करने में फिलहाल 30 फीसदी की कटौती कर दी गई है। भारत और रूस के मध्य व्यापार संतुलन वस्तुतः रूस के पक्ष में कायम बना रहा है। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत और रूस के परस्पर व्यापार संतुलन पर भी एक समझौता अंजाम दिया गया है, ताकि व्यापार संतुलन को स्थिर करने के लिए भारत से रूस को इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल, रसायन, कृषि सामान का निर्यात बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कपड़ा, परिधान, चमड़े के समान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी भारत से बड़े पैमाने पर आयात किए जाएंगे।

( लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## नामकरण

प्रो . महेश चंद गुप्ता




# भारतीय संस्कृति में नाम बदलने के निहितार्थ

अक्सर कहा जाता है कि नाम में क्या रखा है? लेकिन भारतीय संस्कृति इस प्रश्न का सीधा उत्तर देती है कि नाम में ही सब कुछ रखा है। हमारे यहां 'यथा नाम तथा गुण' की परंपरा उतनी ही पुरानी है जितनी हमारी सभ्यता। जब हम 'राम' का नाम लेते हैं तो हमारे भीतर स्वतः शांति, करुणा और मर्यादा का भाव जाग उठता है। 'कृष्ण' का नाम लेते ही मन में प्रेम, और मधुरता की अनुभूति होती है। हमारी मान्यताओं के अनुसार नाम एक ध्वनि है, ऊर्जा है, पहचान है और दिशा है। इसीलिए हमारे समाज में नाम केवल किसी की पहचान ही नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व और नेतृत्व का वाहक है। मौजूदा दौर में जब दुनिया के अनेक देशों में मूल्यहीनता, आपसी संघर्षों, तानाशाही और सत्ता केंद्रित शासन का बोलबाला है, तब मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ', राजभवनों का नाम 'लोक भवन' और केंद्रीय सचिवालय का नाम 'कर्तव्य भवन' करके एक गहरी सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित किया है। यह केवल बोर्ड बदलने अथवा दीवारों पर नई पट्टिका लगाने का कदम भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे शासन की आत्मा बदलने वाले सांकेतिक, दार्शनिक और वैचारिक बदलाव की भावना निहित है। पीएम नरेंद्र मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि वे प्रधान सेवक हैं और उनका कार्य सत्ता का प्रदर्शन नहीं बल्कि सेवा की साधना है। उनके इसी मनोभाव के अनुरूप प्रधानमंत्री कार्यालय को अब सेवा तीर्थ कहा जाएगा। हमारे यहां तीर्थ शब्द का बड़ा महत्व है। तीर्थ शब्द पवित्रता, तप, श्रद्धा और जन कल्याण के भाव को व्यक्त करता है। हम तीर्थ उन स्थानों को कहते हैं, जहां लोग समाधान, शांति और आशा की उम्मीद लेकर जाते हैं। मोदी सरकार ने पीएमओ को तीर्थ कहकर यह संदेश दिया है कि वहां सत्ता संचालन नहीं, सेवा का कार्य होगा। इसी प्रकार राज भवनों का नाम बदलकर लोक भवन करना एक क्रांतिकारी कदम है। 'राज' शब्द में हमेशा एक दूरी, एक अधिकार और सत्ता भाव का अहसास जनमानस को होता रहा है। 'लोक' शब्द में अपनापन, भागीदारी और साझेदारी का भाव समाया हुआ है। केंद्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन रखने के पीछे नौकरशाही में सेवा भाव और कर्तव्य बोध का संचार करने का भाव निहित है। दशकों से इसे अधिकार, फाइलों की गति, निर्णयों की शक्ति और नौकरशाही की ताकत का प्रतीक माना जाता रहा है लेकिन अब जब इसका नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है तो अब प्रत्येक अधिकारी को हर घड़ी स्मरण रहेगा कि शासन का आधार अधिकार नहीं, कर्तव्य है। दो दिन पहले तक जब हम प्रधानमंत्री कार्यालय सुनते थे तो मन में एक विशाल, अधिकार प्रदर्शित करने वाली इमारत का भाव आता था लेकिन सेवा तीर्थ नाम सुनते ही मन में एक अलग ही पवित्रता, जनता से जुड़ाव और विनम्रता का भाव उमड़ने लगा है। यही इस नामकरण का वास्तविक निहितार्थ है। नाम हमेशा भाव जगाते हैं, भाव संस्कृति गढ़ते हैं और संस्कृति राष्ट्र का चरित्र तय करती है। मोदी सरकार ने सिर्फ नाम ही नहीं बदले हैं बल्कि संदेश दे दिया है कि अब सत्ता जनता के पास लौट रही है। राजभवन अब उस पुराने औपनिवेशिक प्रतीक जैसे नहीं रहेंगे जहां जनता दूर खड़ी ताकती रहे। मेरे विचार में भविष्य में यह भी संभव है कि प्रधानमंत्री कार्यालय और राजभवनों तक जनता की सहज पहुंच और बढ़े क्योंकि मोदी सरकार का संकल्प ही जनता का शासन, जनता के लिए शासन और जनता के बीच रहकर शासन है। मोदी सरकार और जनता के बीच कोई दूरी नहीं चाहते हैं। देश में यह पहला अवसर है जब कोई सरकार हर मोर्चे पर कर्तव्य-पथ, अमृत काल और सेवा जैसे शब्दों को अपने कामकाज की आधारशिला बनाकर काम कर रही है। ऐसे में अब कर्तव्य भवन केवल नाम नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय मनोवृत्ति का निर्माण करने वाला है। यह नाम एक ऐसी भावना को बढ़ाएगा जो नौकरशाही को अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और नैतिक बनाएगी। यह नामकरण भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का महत्वपूर्ण अध्याय है। हम सब जानते हैं कि मोदी सरकार ने पहले भी कई औपनिवेशिक, विदेशी आक्रांताओं के नाम वाले और अप्रासंगिक नामों को बदलकर भारतीयता से जुड़े नाम स्थापित किए हैं। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना और मुगल गार्डन को अमृत उद्यान बनाना इसके बड़े उदाहरण हैं। सरकार भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव लौटाने के लिए हर काम करना चाहती है। इन नामों के परिवर्तन के साथ ही भारत एक नए दौर में प्रवेश कर गया है, जहां शासन सेवा का प्रतीक बनेगा, सत्ता आमजन के समीप आएगी और प्रशासन अधिकारों का नहीं, कर्तव्य की भावना का प्रतीक बनकर उभरेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

# झूठे आरोप का सामना धैर्य के साथ करें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है।

*- हरीश यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# कुछ लोग घोर प्रतिस्पर्धी व कुछ काफी शांत क्यों होते हैं

यदि आप कभी अंडर-12 टीम का खेल देखने मैदान के किनारे बैठे हों, तो आपको पता होगा कि कुछ बच्चे बेहद प्रतिस्पर्धी होते हैं, जबकि अन्य केवल सामाजिक मेलजोल के लिए वहां होते हैं। कार्यस्थल पर दो सहकर्मी एक ही जैसे कार्य पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जहां एक खुद को साबित करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करेगा, जबकि दूसरा इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लेगा। और हम सब जानते हैं कि पारिवारिक माहौल में क्या होता है। यह इस बात की याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा सबसे करीबी रिश्तों की भी परीक्षा ले सकती है। कम या ज्यादा प्रतिस्पर्धी होने के अपने फायदे और नुकसान हैं, और ये पूरी तरह से संदर्भ पर निर्भर करते हैं। लेकिन असल में हम कितने प्रतिस्पर्धी हैं, इस अंतर को कौन सी चीज प्रभावित करती है, और क्या हम बदलाव का विकल्प चुन सकते हैं? प्रतिस्पर्धा आखिर है क्या : प्रतिस्पर्धा सिर्फ जीतने की चाहत से कहीं बढ़कर है। यह दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश और अपने आस-पास के लोगों से अपनी तुलना करके सफलता का मूल्यांकन करने की एक जटिल प्रवृत्ति है। लोग प्रतिस्पर्धी होने के पहलुओं का आनंद ले सकते हैं, जिसमें शामिल प्रयास और अच्छा प्रदर्शन, दोनों से संतुष्टि मिलती है।



## ऑफ बीट

# नाइजीरियाई लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

अमेरिका ने घोषणा की है कि वह नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल इस पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में 'चरमपंथी इस्लामवादियों' द्वारा 'ईसाइयों की हत्या' का जिक्र किया था। पिछले महीने ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन को ईसाई उत्पीड़न के दावों के मद्देनजर नाइजीरिया में संभावित सैन्य कार्रवाई की योजना शुरू करने का भी आदेश दिया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'अमेरिका, नाइजीरिया और उससे बाहर चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों, फुलानी जातीय मिलिशिया और अन्य हिंसक तत्वों द्वारा ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा के जवाब में निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह नीति धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल अन्य सरकारों या व्यक्तियों पर भी लागू होगी और ये प्रतिबंध आप्रवासन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत एक नयी नीति के अनुरूप हैं।



## ट्रेंड

### स्वराज कौशल को श्रद्धांजलि



स्वराज कौशल के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारत के सबसे युवा राज्यपाल बने और अपने कार्यकाल के दौरान मिज़ोरम के लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। सांसद के रूप में उनकी अंतर्दृष्टि भी उल्लेखनीय थी। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम



आईटीओ पर नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम। हेवी ट्रैफिक वाले इस हाई-इंटेंसिटी ज़ोन में धूल कणों को नियंत्रित कर वायु गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर निगरानी तंत्र तक, नियमों की सख्ती से लेकर तकनीक के विस्तार तक, हर मोर्चे पर हम मिशन मोड में काम कर रहे हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### रुपए की कीमत गिरी



रुपया आज 90 पार कर चुका है। सरकार चाहे कोई भी ढिंढोरा पीटे, रुपए की क़ीमत गिरने से ये पता चलता है कि देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रुपया नही गिरता ! देश आप से जवाब मांग रहा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### आंध्र प्रदेश में करेंगे निर्माण



हम पूरे आंध्र प्रदेश में बंदरगाहों, हरित ऊर्जा, एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स विश्वविद्यालय और विश्वस्तरीय शहर अमरावती के निर्माण सहित अपने विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

**- गौतम अदाणी, उद्यमी**



**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

### कार ने दूल्हे के ताऊ चाचा, मौसा को कुचला

कासगंज। यहां के गंजडुंडवारा में खुशियों से सजे मंडप में चीख-पुकार गूंज उठी। यहां के जेडएस पैलेस गेस्ट हाउस में विकास पुत्र रामसनेही यादव की शादी के चलते सुबह से ही चहल-पहल थी। डीजे की धुनों के बीच दूल्हे के तहेरे भाई धर्मेंद्र के साले कौशल यादव के दूल्हे के ताऊ गिरीश, सुरेश चंद्र, मौसा बृजेश को कार से रौंदने की खबर से अफरा-तफरी मच गई।


न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र./4-121/2025-26

ग्राम-पत्थलगाय, तहसील पत्थलगांव

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्राम पत्थलगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेन्द्र अग्रवाल पिता रामनारायण अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम/तहसील पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मतीजा सतीश अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल का ग्राम पत्थलगांव में जन्म दिनाक 18/05/1960 को हुआ है। जिसका नाम नगर पालिका परिषद पत्थलगांव के जन्म पंजी में दर्ज किये जाने का निवेदन कया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र चालान की प्रति, अनुपलब्धता प्रमाण-पत्र, पंचनामा एवं अंकसूची सलग्न है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो तो वह स्वयं अबवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दिनांक 15/12/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायलय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चातप्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पत्थलगांव



न्यायलय लिक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ०ग०)

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र. ब121/2021-22-25

ग्राम सोनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उजित राम आ. करमा जाति चमार निवासी ग्राम सोनपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदक अपने स्वयं उजित राम जन्म दिनांक 07.01..1953 का विलम्ब जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत् अनुलब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दास्तावेज के साथ न्यायलय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 03.12.2025 को न्यायीलयीन समयवधि में उपस्थित हो कर दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनाक 19.11.2025 को न्यायलीन पदमुदा एव मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

नायब तहसीलदार
लिंक कोर्ट देवनगर
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)


### टीएमसी के निलंबित विधायक कबीर को मिली बड़ी राहत, किया बड़ा ऐलान

# हाईकोर्ट ने बाबरी मस्जिद बनाने पर दखल देने से किया इनकार, हुमायूं आज रखेंगे 'आधार'

## बाबरी मस्जिद निर्माण मामले की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर



निलंबित विधायक हुमायूं कबीर

मुर्शिदाबाद में आज नींव रखेंगे टीएमसी से रिश्ता तोड़ चुके कबीर

**नई दिल्ली,**

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद निर्माण केस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने शांति की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर छोड़ दी है। कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने का ऐलान किया है। विधायक ने अदालत के फैसले पर खुशी जाहिर की है।फैसले पर कबीर ने कहा कि मैंने पहले ही कह दिया था कि मैं नींव रखूंगा। हाईकोर्ट के जज ने जो निर्णय लिया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं हाईकोर्ट के जज को बधाई देता हूं। यह मेरा संवैधानिक अधिकार है। जो लोग हाईकोर्ट गए थे, उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है। इसके साथ ही कबीर ने मस्जित निर्माण की तारीख भी मुकर्रर कर दी है। बताया जा रहा है कि इस मामले में उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार से भी अपने रिस्ते तोड़ लिए हैं।

**मस्जिद बनाने से नहीं रोकेगा हाई कोर्ट**

**अदालत के फैसले पर कबीर ने जताई खुशी, जज को भी दी बधाई**



कलकत्ता हाईकोर्ट

### टीएमसी को सुनाया, इसी माह इस्तीफा देकर नई पार्टी बनाएंगे

टीएमसी ने विधायक कबीर को गुरुवार को पार्टी से निलंबित कर दिया था। निलंबन के कुछ ही देर बाद कबीर ने घोषणा की कि वे विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। इस महीने के अंत में अपनी पार्टी बनाएंगे और प्रस्तावित कार्यक्रम को बढ़ाएंगे, भले ही इसके लिए उन्हें 'गिरफ्तार' किया जाए या मार ही क्यों न दिया जाए?

### आज 12 बजे से 2 बजे के बीच करेंगे शुरुआत

मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित 'बाबरी मस्जिद' के निर्माण में दखल देने से कलकत्ता हाई कोर्ट के इनकार करने के बाद सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने अब और आगे बढ़कर फ्रंट पिच पर खेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखने के समय का ऐलान किया है। शुक्रवार को कबीर ने कहा कि बाबरी मस्जिद मॉडल की आधारशिला शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच रखी जाएगी।

### मैं अपने कार्यक्रम से पीछे नहीं हटूंगा

जब कबीर बहरामपुर में मुख्यमंत्री की एसआईआर विरोधी रैली के आयोजन स्थल पर बैठे थे, जहां तृणमूल ने उन्हें पहले आमंत्रित किया था। कबीर ने इसे 'जानबूझकर किया गया अपमान' बताया और कहा कि उनके खिलाफ 'साजिश' रची गई है। मुझे कोई पत्र नहीं मिला है। लेकिन मैं शुक्रवार या सोमवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दूंगा। कबीर ने कहा कि उनका नया संगठन अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुल 294 में से 135 सीट पर उम्मीदवार उतारेगा।

*कबीर को शंकराचार्य का जवाब*


### बाबर जैसा ही ट्रीटमेंट करना चाहिए



शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर के द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने को लेकर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बाबर ने भारत में आकर आक्रमण किया और यह हमें पीड़ा पहुंचाने वाला काम है। आज की तारीख में अगर कोई व्यक्ति उसी के साथ अपने आप को खड़ा रखता है कि हम बाबर के लोग हैं तो बाबर जैसा ही ट्रीटमेंट उनके साथ करना चाहिए।

*हाईकोर्ट बेंच पहुंचा मामला*

### मस्जिद ने मांगी थी लाउडस्पीकर की इजाजत कोर्ट ने किया खारिज



नागपुर। मुंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति देने के अनुरोध से संबंधित एक मस्जिद की याचिका खारिज कर दी। बेंच ने कहा कि मस्जिद को धार्मिक कार्यों को अधिकार का मामला बताकर लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने का हक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म में ध्वनि उपकरणों का इस्तेमाल करके या ढोल बजाकर प्रार्थना करने का आदेश नहीं है।न्यायमूर्ति अनिल पंसारे और न्यायमूर्ति राज वाकोड़े की बेंच ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण का मुद्दा बार-बार सामने आ रहा है। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### मस्जिद गौसिया ने दायर की थी याचिका

यह याचिका गोंदिया जिले की मस्जिद गौसिया की ओर से दायर की गई थी। इसमें लाउडस्पीकर की अनुमति का अनुरोध था।

### संगरूर के भरूर में किसानों का बवाल

# रेलवे गेट पर धरना देने अड़े 150 को ट्रैक से किया अरेस्ट

रेल रोको आंदोलन की कर रहे थे तैयारी



**नई दिल्ली,**

पंजाब के संगरूर जिले के गांव भरूर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। किसानों के प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन से पहले ही लगभग 150 किसानों को हिरासत में ले लिया। किसानों ने घोषणा की थी कि वे दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सुनाम रेलवे स्टेशन पर दो घंटे का धरना-प्रदर्शन करके रेल रोकेंगे, लेकिन प्रशासन ने इसे अनुचित बताते हुए आंदोलन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए।

घटना के बाद एसपी (डी) दविंदर अत्तरी ने कहा कि किसानों का रेल रोको आंदोलन कानून के तहत सही नहीं था, क्योंकि इससे आम जनता को असुविधा होती और रेलवे सेवाओं पर सीधा असर पड़ता। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पहले ही किसानों से अपील की थी कि वे इस तरह के आंदोलन से दूर रहें और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखें।

### किसान बड़ी संख्या में गांव भरूर पहुंचे थे

एसपी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि किसान बड़ी संख्या में गांव भरूर पहुंच चुके हैं और वहां रेलवे फाटक पर बैठकर प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किसानों को समझाने की कोशिश की। किसानों को यह भरोसा दिलाने की भी कोशिश की कि उनकी बात प्रशासन तक पहुंचा दी जाएगी, लेकिन वे नहीं माने।

### प्रशासन के आगे किसानों की जिद नहीं चली

जब किसान अपनी योजना पर अड़े रहे और रेलवे फाटक पर धरने की तैयारी करने लगे, तो पुलिस ने लगभग 150 किसानों को अलग-अलग स्थानों पर हिरासत में लिया गया। हालांकि अभी कुल संख्या अस्पष्ट है, लेकिन प्राथमिक रूप से इतने ही किसानों को सुरक्षित ले जाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस का मकसद किसी भी प्रकार का टकराव पैदा करना नहीं था, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और रेलवे जैसी आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से चलाना उनकी प्राथमिकता थी। पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है और किसी भी नागरिक को कोई नुकसान न पहुंचे, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**इलाके में भारी पुलिस बल तैनात:** इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसान संगठनों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताई जा रही है, जबकि प्रशासन इसे सुरक्षा के लिहाज से जरूरी कदम बता रहा है।

### राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला

# बालिग मनमर्जी रिश्ते में रह सकते हैं, भले उनकी शादी की उम्र न हो

**नई दिल्ली,**

राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि दो बालिग व्यक्ति यदि अपनी मर्जी से साथ रहना चाहते हैं, तो वे विवाह योग्य आयु नहीं होने के बावजूद लिव-इन रिश्ते में रह सकते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल शादी की कानूनी उम्र पूरी न होने के आधार पर किसी के संवैधानिक अधिकारों को सीमित नहीं किया जा सकता। जस्टिस अनूप धंड ने यह फैसला उस याचिका पर सुनाया जिसमें कोटा निवासी 18 वर्षीय युवती और 19 वर्षीय युवक ने सुरक्षा की मांग की थी। दोनों ने



अदालत को बताया कि वे अपनी स्वेच्छा से साथ रह रहे हैं और 27 अक्टूबर को एक लिव-इन एग्रीमेंट भी किया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि युवती के परिवार वाले इस रिश्ते का विरोध कर रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर कोटा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

### रामलला के प्रथम दर्शन से भाव-विभोर हो गए तमिल प्रतिनिधियों के छात्र

# उत्साह-आनंद हो गया अलौकिक, परिसर में गूंजा 'जय श्री राम'

## उत्तर और दक्षिण भारत की भक्ति परंपराओं का अद्भुत संगम दिखा

**नई दिल्ली,**

काशी तमिल संगमम 4.0

काशी तमिल संगमम-4.0 के अंतर्गत आए छात्र समूह का दूसरा दिन अयोध्या में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आध्यात्मिक एकता का सशक्त प्रतीक बन गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे विशेष बस से जब छात्र श्री राम मंदिर धाम पहुंचे, तो पूरे परिसर में 'जय श्री राम' की गूंज ने वातावरण को उत्सवमय कर दिया। तमिलनाडु के विद्यार्थियों के उत्साह और आनंद से पूरा धाम आलोकित प्रतीत हो रहा था। छात्रों ने भगवान श्री रामलला के प्रथम दिव्य दर्शन किए, जिनसे वे भाव-विभोर हो उठे। विद्यार्थियों ने श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की।



रामलला मंदिर के सामने तस्वीर भी खिंचाई

### यात्रा को बताया अत्यंत प्रेरणादायी

छात्रों ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। पहली बार उन्हें उत्तर भारत की आस्था, परंपरा और भक्ति की विराट संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से देखने-सुनने का अवसर मिला। छात्रों ने बताया कि अयोध्या का यह दिव्य अनुभव उनकी स्मृतियों में जीवनभर के लिए अमिट छाप छोड़ गया।

**'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और बल मिला**

यह कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूती से पोषित कर रहा है। उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक साझेदारी और परंपरागत संबंधों को सुदृढ़ करते हुए यह पहल देश की महान विरासत और सांस्कृतिक एकता से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

### प्रतिनिधिमंडल ने भव्य राम दरबार का अवलोकन भी किया

दर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने भव्य राम दरबार का अवलोकन किया, जहां भारतीय वास्तुकला की उत्कृष्ट कलात्मकता को नजदीक से देखने का अवसर मिला। फिर छात्र हनुमान गढ़ी पहुंचे और वहां की आध्यात्मिक ऊर्जा तथा भक्तिमय वातावरण ने उनकी यात्रा को और पवित्र बना दिया। राम की पैड़ी का भ्रमण किया। शांत और पवित्र सरयू नदी के तट पर विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण को महसूस किया।

### दिल्ली बम धमाका मामला

# उमर के दोस्त शोएब को राहत नहीं एनआईए कस्टडी 10 दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली,**

लाल किला बम ब्लास्ट मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपी फरीदाबाद निवासी शोएब की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत 10 दिनों के लिए और बढ़ा दी है। यह निर्णय तब आया जब शोएब की पूर्व में दी गई 10 दिनों की कस्टडी समाप्त हो गई और उसे कड़ी सुरक्षा के बीच पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। लाल किला बम ब्लास्ट मामला एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जिसमें कई महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां हुई हैं। उसकी पिछली हिरासत के दौरान एनआईए ने उससे गहन पूछताछ की थी और मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया था। 10





पटियाला हाउस कोर्ट

दिनों की कस्टडी समाप्त होने के बाद, शोएब को पटियाला हाउस कोर्ट में न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एनआईए ने कोर्ट से आरोपी की कस्टडी बढ़ाने की मांग की, जिसके पीछे मामले की आगे की जांच, अन्य आरोपियों की पहचान और संभावित षड्यंत्र के खुलासे जैसे तर्क दिए गए। कोर्ट ने एनआईए की दलीलों को स्वीकार करते हुए शोएब को 10 दिनों की और एनआईए कस्टडी में भेज दिया है।

### राजस्थान में भारत-मलेशिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

# 18 दिसंबर तक चलेगा 'हरिमौ शक्ति-2025' युद्धाभ्यास

## *भारतीय दल का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट की टुकड़ी कर रही*

**नई दिल्ली,**

भारत और मलेशिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमौ शक्ति-2025' का पांचवां संस्करण शुक्रवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हो गया। यह अभ्यास 5 से 18 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस बार भारतीय दल का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट की टुकड़ियां कर रही हैं, जबकि मलेशियाई पक्ष का प्रतिनिधित्व रॉयल मलेशियाई सेना की 25वीं बटालियन की टुकड़ियां कर रही हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय 7 के अंतर्गत उप-पारंपरिक अभियानों का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है।

### सामरिक कार्रवाईयों का करेंगे अभ्यास



युद्धाभ्यास शुरू करने से पूर्व भारत–मलेशिया की सेनाएं

इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रियाओं का समन्वय करना है। दोनों पक्ष घेराबंदी, खोज और विध्वंस अभियानों, हेलीबोर्न अभियानों आदि जैसी सामरिक कार्रवाइयों का अभ्यास करेंगे। इसके अतिरिक्त, आर्मी मार्शल आर्ट्स रूटीन (एमएआर), कॉम्बैट रिफ्लेक्स शूटिंग और योग भी अभ्यास का हिस्सा होंगे। अभ्यास में, दोनों पक्ष आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान हेलीपैड सुरक्षित करने और हताहतों को निकालने के लिए अभ्यास करेंगे।

### आपसी संचालन क्षमता होगी बेहतर

सामूहिक प्रयासों का उद्देश्य सैनिकों के बीच बेहतर अंतर-संचालन क्षमता प्राप्त करना और शांति वाहक प्रचालनों के दौरान संयुक्त राष्ट्र के हितों और कार्यसूची को सर्वोपरि रखते हुए जान-माल के जोखिम को कम करना है। दोनों पक्ष युद्ध कौशल के व्यापक क्षेत्र पर विचारों और संयुक्त अभ्यासों के अभ्यासों का आदान-प्रदान करेंगे जिससे प्रतिभागियों को एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिलेगा।

### द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा

सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा करने से भारतीय सेना और रॉयल मलेशियाई सेना के बीच रक्षा सहयोग का स्तर और बढ़ेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को भी बढ़ावा देगा।

आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे



# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत

बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।





अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

## छोटे-छोटे कदम भी अहम

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी सिटीजन की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

## यूं बनो मददगार

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा करने जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *




### इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे


बच्चो, हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है।' इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को अपनी इच्छा से औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

# भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

अमेजिंग प्लेस

नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अकसर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।


**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरतः** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी



घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।

**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ाः** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतराः** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *



कविता / दिनेश विजयवर्गीय

## सर्दी की धूप

रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार
जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।



## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर** : 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद** : मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-तुषार, रायपुर

**टीचर** : तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन** : सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-केशव, बिलासपुर



**पापा (सौरभ से)** : अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ** : लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-सुमन, भोपाल

## जीके क्विज-182

1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन है?
4. केरल की राजधानी कहा है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद




कहानी

अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## बंटी बेवकूफ है!

बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?



'पापा...पापा वो देखो।' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर..।' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली।

महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गई हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...।' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स थ्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुन।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए..' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा, 'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

## आलस्य का त्याग

एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



उत्तर: [illegible]

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अपनों से बिछड़े अली की कहानी



बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *

**किताब :** मैं- अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन, **मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

# निर्माण कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने एवं आवासों का जियो टैग शीघ्र करवाने के निर्देश

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** शनिवार को कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर विशेष रूप से जोर देते हुए अधिकारियों को शत-प्रतिशत हितग्राही पंजीयन, निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने, एवं आवासों का जियो टैग शीघ्र करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास मित्रों को सक्रिय रूप से कार्य करने तथा निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। जनपदवार समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ को प्रगति में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।



मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता गतिविधियों, गड्ढों की भराई, कूड़ा निपटान, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की नियमित स्वेच्छाग्रही द्वारा सफाई, संग्रहित कचरे के उचित निपटान, तथा समस्त ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ट्राई-साइकिलों की कार्यशीलता की प्रमाणित फोटो सहित जांच की जिम्मेदारी सचिव पर तय की गई। सभी पूर्ण व्यक्तिगत शौचालयों का इस माह में जियो टैगिंग पूर्ण करने तथा प्रगतिरत सामुदायिक शौचालयों को जल्द पूर्ण करके उपयोग की स्थिति बनाने के निर्देश दिए गए। एनआरएलएम व अन्य योजनाओं पर समीक्षा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान लखपति दीदी योजना का विस्तार, महिला समूहों की उद्यमिता, उत्पाद निर्माण एवं ब्रांडिंग के माध्यम से समूहों की आर्थिक उन्नति पर चर्चा की गई।विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसेकृजीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक हितग्राही जोड़ने के निर्देश दिए गए। मुद्रा योजना के तहत लोगों को व्यवसाय से जोड़ने पर जोर दिया गया।

इसके अलावा जल जीवन मिशन, कृषि, ग्रामीण सड़क विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। मौसमी बीमारियों को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत अधिकारी, सभी जनपद सीईओ, अभियंता एवं संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक उपचार का आम जीवन में बड़ा महत्व : जीएम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल अंतर सहक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन शनिवार को स्थानीय एकता स्टेडियम में किया गया। आयोजन का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट के जरिए मुख्य अतिथि को सलामी दी।प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न सहक्षेत्रों, सेंट्रल हॉस्पिटल सहित कुल तेरह टीमों ने भाग लिया, जिसमें चार टीम महिलाओं की थी। दिन भर चले प्रतियोगिता के बाद शाम को प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह के अतिरिक्त शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह, जीएम ऑपरेशन जीके राय सहित अधिकारी कर्मचारी, जेसीसी, वेलफेयर,सेफ्टी के क्षेत्रीय सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जीएम डॉ. संजय सिंह ने कहा कि प्राथमिक उपचार का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। हम सभी को प्राथमिक उपचार की जानकारी होनी चाहिए, ताकि जब इसकी आवश्यकता पड़े तो हम किसी की मदद कर सकें। घायल व्यक्ति को अगर समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जीवन बच सकती है। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के इस आयोजन में चार टीमें महिलाओं की थी, जो काफी महत्वपूर्ण बात है कि यह महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हर हुनर आना चाहिए, यही जज्बा बनाए रखिए। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर भी बेहतर करने की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्ष शिवानी महिला समिति की अल्पना सिंह ने कहा कि प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में महिलाओं की टीम देखकर उन्हें प्रसन्नता हो रही है।उन्होंने कहा कि महिला परिवार





चलाना जानती हैं, अब उन्हें जीवन बचाने का भी हुनर आ रहा है।उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रही महिला टीमों के सदस्यों से कहा कि आप जो भी यहां से आज सीखी हैं, इसका फायदा आम जीवन सहित आपके कार्यस्थल पर भी दिखना चाहिए, तभी यह पहल सार्थक होगा। स्वागत उद्बोधन एरिया सेफ्टी ऑफिसर केएल भील ने प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन एएमओ डॉ. यूएस बैठा ने प्रस्तुत कर फर्स्ट् एड प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण ने किया। एकदिवसीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता को सफल बनाने कुमदा सहक्षेत्र की पूरी टीम सक्रिय रही।

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

प्रतियोगिता में बेस्ट कैप्टन का खिताब संचेती कोल माइनिंग कंपनी केतकी के कर्मचारी नमन श्रीवास्तव जबकि बेस्ट मेंबर का खिताब संचेती कोल माइनिंग के कर्मी अरुण प्रजापति को मिला। जबकि टीम ए से बिश्रामपुर आमगांव रनर, आरजीके विनर, अखलेश पटेल कुमदा को बेस्ट मेंबर, नीतीश कुमार आरजीके को बेस्ट कैप्टन, टीम बी बिश्रामपुर आमगांव रनर, आरजीके विनर विक्की कुमार मंडल बेस्ट मेंबर, उमा शंकर बेस्ट कैप्टन, टीम सी से आरडब्लूएस रनर,सेंट्रल हॉस्पिटल विनर, बेस्ट मेंबर रणजीत, बेस्ट कैप्टन इंदु रही। जिन्हें अतिथियों ने शिल्ड और प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया। बेस्ट स्ट्रेचर ड्रिल टीम ए से आरजीके सब एरिया जबकि टीम बी से कुमदा सब एरिया, टीम सी की महिला टीम एरिया हेड क्वार्टर ने खिताब जीता।

# सपहा गांव में 6 वें दिन भी जारी रहा गोंगपा का आंदोलन, पटवारियो पर ग्रामीणों से भेदभाव का आरोप, हटाने की मांग

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिहारपुर।** सूरजपुर जिले के सपहा गांव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार 6वें दिन भी जारी है। ग्राम पंचायत परिसर के सामने कार्यकर्ता और ग्रामीण धरने पर डटे हुए हैं। प्रदर्शनकारी तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक उमेश तिवारी, पटवारी हल्का नंबर4 ऋतुराज सिंह और हल्का नंबर 9 भरत राम पैकरा के पटवारी पर किसानों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार का गंभीर आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि तीनों अधिकारियों को तत्काल हटाया जाए, जब-तक कार्रवाई नहीं होती—धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। आवेदन लेने में लापरवाही, राजस्व कार्यों में भेदभाव और मनमानी जैसे आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। पांचवे, छठवें दिन तक भी समाधान न मिलने के बाद लोगों का आक्रोश और बढ़ गया है, और आंदोलन अब निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ता दिख रहा है।



### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से हो चुकी शिकायत

कुछ दिन पूर्व भटगांव विधायक एवं महिला-बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गांव के दौरे पर पहुंची थीं, जहाँ किसानों ने पटवारी और तहसील कार्यालय से संबंधित शिकायतें सीधे मंत्री को सौंपी थीं। मंत्री ने उस दौरान कहा था कि चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में अधिकारी-कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं, सुधार आवश्यक है। मंत्री के निर्देश के बाद 14 नवंबर को चांदनी बिहारपुर में जन-समस्या निवारण शिविर आयोजित भी किया गया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि शिविर के बाद भी कार्रवाई के स्तर पर कोई सकारात्मक बदलाव नहीं दिखा। स्थिति पहले जैसी ही बनी हुई है और किसानों को न्याय नहीं मिल रहा। कुछ सप्ताह पहले गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने बारिश के बीच भी एकदिवसीय धरना-रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। तहसीलदार ने उस दौरान 15 दिनों में मांग पूरी करने का वादा किया था, पर महीनों बीत गए — समाधान आज भी अधर में है।

इसी के विरोध में कार्यकर्ता आज लगातार छठे दिन भी धरना-प्रदर्शन पर जमे हैं और साफ शब्दों में कह रहे हैं कि जब तक भेदभाव रोकने वाले अधिकारी हटाए नहीं जाते, आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह आंदोलन अब केवल शिकायत नहीं बल्कि सम्मान और अधिकार की लड़ाई है। यदि प्रशासन जल्द समाधान नहीं देता, तो धरना जिला स्तर तक बढ़ाया जा सकता है।


कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 180414 प्रथम आमंत्रण 25.11.2025 | जिला सूरजपुर के वि.खं. रामानुजनगर के पस्ता से वद्रिका आश्रम होते हुए सरईपारा रामानुजनगर तक मार्ग लं. 3.80 कि.मी. निर्माण कार्य। | 421.27 |
| 2 | 180377 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला कबीरधाम के भौंदा से भीरा मार्ग के फोंक नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 650.07 |
| 3 | 180478 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | भठली से कन्हारपुर छिन्दभेग मार्ग लंबाई 2.875 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 261.24 |
| 4 | 180493 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के ग्राम दमगढ़ से अमानिया होते हुए पुटपुटा पहुंच मार्ग लंबाई 7.50 कि.मी. कार्य की (लंबाई 3.65 कि.मी.) का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 347.24 |
| 5 | 180508 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला बलौदाबाजार के रिसदा बायपास मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग बलौदाबाजार। | 1191.24 |
| 6 | 180510 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला बलौदाबाजार में इंडोर स्टेडियम काम्पलेक्स का निर्माण कार्य, वा. स.से.फि. एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग बलौदाबाजार। | 1275.01 |
| 7 | 180528 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | कोनी मोपका बायपास मार्ग लंबाई 13.40 कि.मी. का निर्माण (12 मीटर कैरिज–वे ) का कार्य। | 5540.49 |
| 8 | 180530 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला रायपुर के भनपुरी वार्ड क्रमांक 4 के विभिन्न मार्गों में डामरीकरण एवं कांक्रीटीकरण लंबाई 6.86 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 5.90 कि.मी.) कार्य । विधानसभा संभाग रायपुर। | 293.35 |
| 9 | 180533 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला सूरजपुर के वि.ख. रामानुजनगर के छिन्दिया से पिवरी मार्ग तक लं. 3.50 कि.मी. मार्ग निर्माण कार्य। | 333.20 |
| 10 | 180540 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला बलौदाबाजार के कोटा– जारा –सण्डी मार्ग लंबाई 11.50 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। संभाग –बलौदाबाजार। | 2329.59 |
| 11 | 180549 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला रायपुर के भानसोज बरछा मालीडीह खौली मार्ग लंबाई 9.00 कि. मी. का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। (वास्तविक लंबाई 7.850 कि.मी.) संभाग क्रमांक 1 रायपुर। | 2017.25 |
| 12 | 180545 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला राजनांदगांव के जंगलेश्वर से मोखला मार्ग के शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1016.15 |
| 13 | 180554 द्वितीय आमंत्रण 27.11.2025 | जिला जांजगीर–चांपा के बेल्हा –कुरियारी मार्ग पर कंजी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 379.17 |
| 14 | 180552 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला बलरामपुर रामानुजगंज के लोधा से धरमी मार्ग पर कुरसा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 359.93 |
| 15 | 180608 प्रथम आमंत्रण 28.11.2025 | बोंदा से नवघट्टा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 334.31 |
| 16 | 180606 प्रथम आमंत्रण 28.11.2025 | गौरेला वेंकटनगर मार्ग के कि.मी. 7/2 में सोनाडी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 238.60 |
| 17 | 180615 प्रथम आमंत्रण 28.11.2025 | जिला कोरिया के पेन्ड्री से मंगोरा मार्ग पर हसदेव नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 728.63 |
| 18 | 180655 द्वितीय आमंत्रण 28.11.2025 | जिला बेमेतरा के कोगियाकला– नवागांव के सुरही नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 373.42 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 13 , सं.क. 18 दिनांक 15.12.2025 सं.क. 01 से सं.क. 04 दिनांक 17.12.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 19.12.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियन्ता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-252605243/2


# ठंडी सर्द हवाओं से क्षेत्र में हाड़ कपाऊ ठंड ने दी दस्तक

## सुबह खेतों, पेड़ों की पत्तियों और छतों पर दिखाई देने लगी बर्फ जैसी सफ़ेदी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**चांदनी बिहारपुर।** क्षेत्र में ठंड अपने सवाब पर पहुंचने लगा है। बीते दिनों से मौसम अचानक बदल गया है और तेज शीतलहर चलने लगी है। तापमान लगातार नीचे जा रहा है, जिसके कारण ठूंठर जैसी कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। सुबह-सुबह खेतों, पेड़ों की पत्तियों, छत की टिन और वाहन की सतह पर बर्फ जैसी सफ़ेदी दिखाई देने लगी है। यह दृश्य न केवल ठंड की गंभीरता बयां करता है, बल्कि लोगों को सर्दियों की गहराती चाल का एहसास भी कराता है।

सुबह 6 बजे से पहले ही धुंध की मोटी परत फैल जाती है, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और राहगीरों को आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। किसान खेतों की ओर तो जा रहे हैं, लेकिन कड़कड़ाती ठंड के कारण कामकाज का समय कम करना पड़ रहा है। पशुओं को भी कांपते हुए देखा जा रहा है। कई ग्रामीण पशुओं के लिए अतिरिक्त चारा और बोरा से ढंके शेड तैयार कर रहे हैं ताकि पशु बीमार न पड़ें। बाज़ारों में भी सन्नाटा जल्दी छाने लगा है। जहाँ पहले दुकानें देर रात तक खुली रहती थीं, वहीं अब लोग शाम होते ही घर लौटने लगे हैं। चाय की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है, सुबह-शाम अलाव के पास लोगों की भीड़ बैठकर आग तापते हुए चर्चा का दौर चलता दिख रहा है। ठंड से बचने के लिए स्वेटर, शॉल, जैकेट, टोपी और ग्लव्स की बिक्री बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। डॉक्टरों का कहना है कि ठंड में वायरल फीवर, खाँसी-जुकाम, अस्थमा और न्यूमोनिया जैसे रोगों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस समय सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए इस मौसम में गर्म कपड़ों का इस्तेमाल जरूरी है। सुबह और देर शाम अनावश्यक बाहर निकलने से बचना चाहिए। चाय, सुपारी, अदरक-काढ़ा जैसे घरेलू उपाय भी शरीर को अंदर से गर्म रखने में सहायक हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी ठंड और बढ़ सकती है। उत्तरी हवाओं के कारण तापमान आने वाले दिनों में और नीचे गिर सकता है, जिससे चांदनी बिहारपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में शीतलहर और तीव्र होने के आसार हैं। संभव है कि आने वाले सप्ताह में पाला जमने की स्थिति और स्पष्ट रूप से दिखाई दे। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की ठंड पिछले साल की तुलना में अधिक तेज महसूस हो रही है। कई बुजुर्ग बताते हैं कि यह स्थिति उसी समय देखने को मिलती है जब सर्दी लंबे समय तक रहने वाली हो। ऐसे में कृषि उत्पादन, सब्जी फसलों और रबी की बुवाई पर भी असर पड़ सकता है। आलू, मटर, सरसों जैसी फसलों पर पाला पड़ने का खतरा बढ़ गया है और किसान फसलों को बचाने के लिए धुआं करने व आंशिक सिंचाई का सहारा ले रहे हैं। कुल मिलाकर चांदनी बिहारपुर में शीत ऋतु ने ठंड का कड़ा रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह बर्फ जमने जैसा दृश्य, दिन चढ़ने के बाद भी ठंड में कमी न आना, और रात में तापमान का तेजी से गिरना — यह सब संकेत देता है कि आने वाले दिनों में यह सर्दी चुनौतीपूर्ण हो सकती है।




कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा ( छ.ग. )
ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदाएं "प्रपत्र–सी" में आयटम दर पर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा के कार्यालय में, निर्माता /अधिकृत सप्लायर्स से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा सूचना क्रमांक एंव दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 49 दिनांक 02. 12.2025 | 181014 | *Providing and Supplying* Colilert-18 for 100 ml sample 200-pack (Consumables), 200-pack sterile 97-Well Quanti-Tray/2000 trays(Consumables), Quanti-Tray® Sealer PLUS(One time Purchase), 6-watt UV lamp 220 volt – EU two prong Plug(One time Purchase), UV VIEWING CABINET fits WL160 and WEA160F(One time Purchase) Dynamic Pass Box Class 100 18x18x18 Inch, Fumigator/Fogger machine, Lab Refrigerator with digital Temp (With NABL Calibration Certificate) Autoclave bags (Autoclavable For organizing decontamination), Pippet tips (Sterilized For dilutions) 100 pack size, Required BOD Glassware 120 ml bottle with cap Bosilicate, and fixing double glazed hermitically sealed glazed in aluminium window, ventilators and partition etc *under Jal Jeevan Mission Surguja, District – Surguja .* | 22.58 |

बिड संबमिशन की अंतिम तिथि 22.12.2025 समय :– 17:30 बजे तक।
निविदा के सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) में दिनाँक 04.12.2025 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

जी-252605269/2


# उल्लास के महापरीक्षा में शामिल होने प्रा. शा. उरांवपारा के बच्चों ने निकाली साक्षरता रैली

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन और जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज साहू के निर्देशन में कल रविवार को होने वाले उल्लास भारत के अंतर्गत होने वाले महापरीक्षा में भाग लेने के लिए प्राथमिक शाला उरांवपारा मदनेश्वरपुर के बच्चों ने गांव में रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही लोगों से आह्वान किया कि वे रविवार को होने वाले महापरीक्षा में भाग लेकर साक्षर बने और देश में साक्षर होने की भूमिका निभाए। बच्चों ने बैनर पोस्टर बनाकर और नारे के साथ लोगो को आह्वान किया। प्रधानपाठक संजय साहू के नेतृत्व ने प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के बच्चों ने साथ में रैली निकाला, लोगो के घर घर जाकर संपर्क किया और उन्हें समझाए रविवार को होने वाले महापरीक्षा में भाग लेवे। साक्षर होकर ही देश की प्रगति में भाग ले सकते हैं और देश के उन्नति में सहभागी हो सकते हैं। देश में उन्नत खेती के लिए भी आज पढ़ा लिखा होना बहुत जरूरत है, देश के किसान रीढ़ के हड्डी होते हैं ऐसे में साक्षर होकर देश को मजबूत बनाए और आगे बढ़ाएं। आज के इस रैली के कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संजय साहू, रामकृपाल साहू, अनिमा बेक, शोभा रानी किस्पोट्टा माध्यमिक शाला से राजेश्वर साहू,छोटेलाल बर्मन,सोनवानी और रेखा गुप्ता रैली से सहभागी बने।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088



सरगुजा फ्रंटलाइन

# होटल गोविंदम परिसर से चोरी गई कार सरकंडा से जप्त



**छ.ग. फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** रिकवरी की गई कार को दूसरी चाबी लगाकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई वाहन और दूसरी चाभी को जप्त कर लिया है। 26.11.2025 को आवेदक धर्मेंद्र तिवारी पिता रामकुमार तिवारी निवासी शांतिनगर राजनगर जिला अनूपपुर ने थाना मणिपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वाहन रिकवरी कंपनी द्वारा मारुति सुजुकी कार क्रमांक सीजी 11 बीक्यू 9992 कीमत करीब सात लाख रूपये, 22 नवंबर को वाहन स्वामी हामिद खान पिता छोटे खान 55 वर्ष, निवासी थाना बलौदा बाजारपारा, अकलतरा चौक जिला जांजगीर चांपा से किस्त की रकम अदायगी नहीं करने एवं रिकवरी कंपनी के नोटिस का जवाब नहीं देने पर सीज किया गया था। कार को कंपनी द्वारा रिकवर कर होटल गोविंदम के कैंपस में खड़ा किया गया था, जिसे रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति गोविंदम होटल कैंपस से चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरुद्ध पुलिस ने अपराध क्रमांक 321/2025 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। मणिपुर पुलिस टीम चोरी किए गए वाहन एवं आरोपियों के तलाश में लगी थी। मुखबिर से मिली सूचना एवं साइबर सेल के तकनीकी सहयोग से पुलिस टीम सरकंडा बिलासपुर पहुंची, जहां चोरी गई वाहन सादिक हुसैन, हामिद खान, मिथिलेश केवत्य के कब्जे से चोरी गई कार को जप्त किया। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने वाहन अंबिकापुर होटल परिसर से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर तथा प्रकरण में अपराध की प्रकृति अनुसार धारा 238 (ग) बीएनएस जोड़ी गई है।

विवेचना कार्रवाई के दौरान पुलिस ने प्रकरण के तीनों आरोपी सादिक हुसैन पिता हामिद खान 20 वर्ष निवासी बलोदा बाजार अकलतरा चौक थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा, मिथिलेश कैवर्त उर्फ बिट्टू पिता संजय कुमार विश्वास निवासी बकरेल बजरंग चौक जांज गीर चांपा, हामिद खान पिता छोटे खान 55 वर्ष थाना बलौदा बाजारपारा को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा है। मामले में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सी.पी. तिवारी, सहायक उप निरीक्षक अनिल पांडेय, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, अनिल परिहार, रमेश राजवाड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कांग्रेस प्रवक्ताओं के चयन के लिए टैलेंट हंट अभियान, प्रतिभागियों ने जटिल आवेदन को ऑनलाइन भरा

**छ.ग. फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने नए प्रवक्ताओं के चयन प्रक्रिया को एक प्रतियोगी अभियान बनाकर प्रस्तुत किया है। टैलेंट हंट अभियान के प्रतिभागियों ने जटिल प्रश्नोत्तरी वाले आवेदन को ऑनलाइन भरकर अपना पंजीयन किया। आगामी चरणों में हर प्रतिभागी की राजनीतिक समझ से लेकर संवाद क्षमता तक की कड़ी परीक्षा लेने की तैयारी है।

इस अभियान के सरगुजा संभाग के रीजनल कॉर्डिनेटर और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने बताया कि सभी छह जिलों के प्रतिभागियों के साक्षात्कार और लेखन कौशल मूल्यांकन का आयोजन राजीव भवन, अंबिकापुर में रखा गया था। साक्षात्कार लेने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित वरिष्ठ पत्रकार अनंगपाल दीक्षित और वरिष्ठ किसान नेता राकेश गुप्ता



ने प्रतिभागियों से रोचक और विषय आधारित सवाल पूछे।प्रतिभागियों के वक्तृत्व कला, संवाद कौशल, मीडिया प्रबंधन, त्वरित प्रतिक्रिया जैसी क्षमता पर आधारित जवाबों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। साथ ही उनके लेखन कौशल को परखने हेतु लिखित मूल्यांकन भी किया गया। अनुपम फिलिप ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी अभियान के माध्यम से कांग्रेस मुद्दा आधारित और जनहितकारी नीतियों पर उत्कृष्ट जानकारी रखने वाले प्रतिभागियों की पहचान करेगी, जिन्हें चयन प्रक्रिया से गुजार कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, अशोक जायसवाल, आशीष वर्मा, पूनम सिंह, गुरप्रीत सिद्धू, विकास श्रीवास्तव, शास्त्रांशु पाठक, ज़फ़र हैदर, दिनेश कुमार शर्मा सहित आकांक्षी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## भूजल स्तर बढ़ाने हेतु उपलब्ध सभी वैज्ञानिक तकनीकों का गम्भीरता से करें प्रयास- जयवर्धन

### भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन पर तृतीय प्रशिक्षण एवं जनसंवाद का हुआ आयोजन



### मोर गांव मोर पानी महाअभियान के कार्यों का प्रभावी प्रदर्शन

**छ.ग. फ्रंटलाइन सूरजपुर।** शनिवार को यहां जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले की उपस्थिति में जल शक्ति अभियान के तहत केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन संबंधी तृतीय स्तरीय प्रशिक्षण एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित मोर गांव-मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत किए जा रहे अभिनव कार्यों का विस्तारपूर्वक प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में भूजल स्तर सुधार, वर्षा जल संचय एवं ग्राउंड वाटर रिचार्ज तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के विशेषज्ञ बी. अभिषेक, डॉ. गुरप्रीत कौर तथा हाइड्रोलॉजिस्ट सुश्री शिप्रा सुरभी द्वारा जल संरक्षण से संबंधित वैज्ञानिक तकनीकों एवं उपायों की जानकारी उपस्थितजनों को दी गई। इस दौरान जिले की भौगोलिक एवं भू-वैज्ञानिक संरचना के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। उनके द्वारा ग्राउंड वाटर रिचार्ज तकनीकें, हाइड्रोलॉजिकल साइकल, भूजल स्तर एवं डिस्ट्रिब्यूशन, जल संचय संरचनाओं की डिजाइन, जल प्रदूषण की समस्या तथा जिले की ज्योग्राफिकल व जियोलॉजिकल स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। साथ ही जिले में विभिन्न मौसमों में भूजल स्तर की स्थिति, सिंचाई के वैज्ञानिक तरीके अपनाने एवं वॉटर स्टोरेज प्रॉपर्टीज पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जल संरक्षण की दिशा में वैज्ञानिक तकनीकों एवं नवोन्मेषी उपायों को अपनाते हुए भूजल स्तर में वृद्धि के लिए ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए पारंपरिक और आधुनिक सभी तकनीकों का समन्वित रूप से उपयोग आवश्यक है। आर ई एस विभाग,मनरेगा एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जल संचय संरचनाओं को और अधिक सशक्त रूप से क्रियान्वित किया जाए तथा पंचायत स्तर तक वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाकर जनभागीदारी को और मजबूत किया जाए। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल संरक्षण की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि किस प्रकार जिले में जल संरक्षण हेतु ब्रश वुड चेक डैम, गल्ली प्लग, लूज बोल्डर चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, गैबियन स्ट्रक्चर, डबरी निर्माण, वृहद वृक्षारोपण, मिट्टी बांध, स्टॉप डैम, अमृत सरोवर निर्माण तथा कूप खनन जैसी संरचनाएं तेज गति से विकसित की जा रही हैं। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रयास किया जा रहा है। जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए विगत 18 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्वारा सूरजपुर जिले को जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1.0 में उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु सम्मानित किया गया था। इस अभियान में सूरजपुर ने पूर्वी क्षेत्र श्रेणी-3 में देशभर में 12वां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय पहचान बनाई।

कार्यक्रम में ईई जल संसाधन सहित विभाग के अन्य अधिकारी,सभी जनपद सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंडल अध्यक्ष ने फीता काटकर क्लस्टर भवन का किया शुभारंभ



**छ.ग. फ्रंटलाइन भैयाथान।** विकासखंड के बजा में धन लक्ष्मी महिला समूह क्लस्टर भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने महिलाओं के साथ भवन का अवलोकन किया और इसे ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की संगठन शक्ति, आत्मनिर्भरता और सामूहिक प्रगति का नया केंद्र बताया। महिला समूहों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह क्लस्टर भवन आगे चलकर प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन और समूहों की गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं का उत्साह देखने योग्य रहा। इस दौरान बंजा क्लस्टर के 18 गांवों के महिला स्व-सहायता समूहों की माताएं-बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

### डॉक्टरों से बदसलूकी और धमकियों का मामला गर्माया



**छ.ग. फ्रंटलाइन जरही।** प्रतापपुर ब्लॉक अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के साथ लगातार बदसलूकी, अभद्र भाषा का उपयोग और धमकियां दिए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग निजी स्वार्थ और दबाव बनाने की कोशिश में डॉक्टरों पर लगातार मानसिक दबाव बना रहे हैं, जिससे अस्पताल का कार्य वातावरण तनावपूर्ण बना हुआ है। चिकित्सकों का कहना है कि काम के दौरान गाली-गलौज, अनर्गल आरोप और धमकियां दी जा रही हैं, जिसकी वजह से वे भय और दबाव के माहौल में मरीजों का इलाज करने पर मजबूर हैं।

## कहांर समाज, महिला विंग की प्रथम मासिक बैठक संपन्न

**छ.ग. फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के मां महामाया मंदिर परिसर में कहांर समाज (महिला विंग) की प्रथम मासिक बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और समाजहित में रणनीति तैयार करने का प्रयास किया गया। बैठक का आयोजन कहांर समाज की सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता साधना कश्यप की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक का मूल उददेश्य कहांर समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाए जाने के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियो को दूर करना, महिलाओं और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए वातावरण तैयार करना रहा। अपने उद्बोधन में सामाजिक कार्यकर्ता साधना कश्यप ने बताया कि आगामी समय में समाज से जुड़े हुए अन्य गणमान्य नागरिकों को भी इस संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कहांर समाज (महिला विंग) के इस संगठन में पदाधिकारियों का चयन जल्द ही किया जाएगा। बैठक में उपस्थित समाज की महिलाओं द्वारा सर्वसम्मति से कहांर समाज की सदस्य एवं लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता को महिलाओ के प्रतिनिधि के रुप में संरक्षक स्वीकार किया एवं भविष्य में इस संगठन में महिलाओं की सक्रिय सदस्यता एवं जुडाव होने के उपरांत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कर समाज की अन्य महिला सदस्यों को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव जैसे पदों पर समाजहित में दायित्व प्रदान कर आसिन कराने आश्वस्त किया। इनके माध्यम से सामाजिक स्तर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। साथ ही संगठन से जुडने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। बैठक में यह निर्णय भी लिया



गया कि घरेलु महिलाओं को जो शिक्षित हों अथवा अशिक्षित उन्हें योग्यता अनुसार महिला स्व सहायता समूह, लघु उघोग, कुटीर उद्योग जैसे लघु उद्यम से जोड़ा जाए, उन्हे साक्षर बनाया जाए। आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चों के विवाह, शिक्षा एवं समाज के अनाथ बच्चों के समस्याओं का यथासंभव निराकरण किया जा सके एवं संगठन से जुडे सदस्यों के आर्थिक, सामाजिक, निजी समस्याओं का निराकारण करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही समाज की महिलाओं नवयुवक, नवयुवतियों को संगठन में शामिल कर उन्हें आर्थिक स्तर पर स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जाए। आगामी समय में नगर से दूर निवासरत समाज की महिलाओं, युवतियों को तकनीक का सहारा लेते हुए वीसी के माध्यम से समाज के कार्यक्रमों में शामिल कराया जाएगा, जो महिलाएं युवतियां कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम का हिस्सा बन सकेंगी, उन्हे सहर्ष कार्यक्रम में शामिल कराया जाएगा। इस अवसर पर कहांर समाज की महिला सदस्य सुषमा कश्यप, सुभद्रा कश्यप, अर्चना कश्यप, अराध्या कश्यप, श्रुष्टि कश्यप, मोनिका कश्यप, पुष्पा कश्यप, रेखा कश्यप, सुम्मी कश्यप, शारदा कश्यप, चन्दा कश्यप का सहयोग सराहनीय रहा।

## शिक्षिका की पहल पर पहाडी कोरवा बाहुल्य गांव को गोद लिया समभाव महिला मंच ने

**छ.ग. फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर की महिलाओं का एक समूह हर बार बड़े कार्य करता है और इनकी समाज सेवा हमेशा चर्चा में रहती है. कभी ये समूह अंगदान करता है तो कभी गरीबों में कम्बल और कपड़ो का वितरण करता है. बीते दस वर्ष से करीब डेढ़ सौ महिलाओं का समूह जो आपस में पैसे जोड़कर लोगों की हर तरह की मदद करने को तत्पर रहता है. आज ये महिलायें सरगुजा के लुंड्रा विकासखंड के कूडपानी गांव में पहुँची और यहाँ स्थित प्रायमरी स्कूल के सहयोग से गांव में जरूरतमंद लोगो को कम्बल व बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया. बड़ी बात ये रही की समभाव मंच की महिलाओं ने इस गांव को गोद लेने की घोषणा भी की है। इस गांव के प्रायमरी स्कूल की प्रधान पाठिका ममता गुप्ता लगातार स्कूल के बच्चों और परिजनों की बेहतरी के लिए प्रयासरत थी, क्योंकि ये गांव पहाडी कोरवा बाहुल्य है और उनकी स्थित दयनीय है, इस प्रयास में इन्होने गांव की स्थिति समभाव महिला मंच की वरिष्ठ सदस्य वंदना दत्ता से बताई और फिर महिलाओं ने ना सिर्फ गांव में डोनेशन किया बल्कि इस गांव को गोद लेने की घोषणा भी आज कर दी है।

ग्रामीण सोमारू बताते है की मैडम लोग आई थी और कम्बल दिए हैं बहोत अच्छा लगा, ग्रामीण राम प्रसाद कहते हैं मैडम लोग आये थे तो बहोत अच्छा लगा अब ये लोग हमेशा आते जाते रहेंगे तो अच्छा रहेगा, आज कम्बल मिला हम लोगों को अब आगे आते रहेंगे तो और बढ़िया रहेगा।

कूडपानी शासकीय प्रायमरी स्कूल के प्रधान पाठिका ममता गुप्ता ने बताया की शहर की समाज सेविका महिलाओं से संपर्क हुआ जिसके बाद आज सब गांव में पहुँची और गांव



वालों को कम्बल वितरण किया, बच्चों को कापी किताब व अन्य सामग्री का वितरण किया और महिलाओं के समूह ने आज इस गांव को गोद लेने की भी घोषणा की है।

इस दौरान समभाव महिला मंच की सदस्य वंदना दत्ता ने बताया की आज जो हम लोग यहां कार्यक्रम रखे थे, यह सभी समाज की बहनों का साझा मंच है, जिसमें हर धर्म की बहनें इसमें शामिल हैं. और यह जो समूह है ये 6 दिसम्बर 2015 से चल रहा है. समझ लीजिए कि कल का दिन जो है हमारा स्थापना दिवस है और यह स्थापना दिवस के उपलक्ष में ही हम लोग यह कार्यक्रम आज यहां किए हैं. यह जो कंबल बांटने का कार्यक्रम है, यह हम लोग हर साल आसपास के गांव में जाकर करते हैं और जरूरतमंदों को कंबल देते हैं. स्कूल के बच्चे लोगों से बातचीत करते हैं. उनकी जरूरत की चीजें देते हैं. हमारा समूह जिसमें ये सब बहनें शामिल हैं. उससे हम लोग पहाड़ी कोरवा गांव को गोद लेते हैं. अभी तक हमने रामनगर को गोद लिया था. अब आज तय किए हैं सभी सदस्य लोग मिलकर कि इस गांव को हम लोग गोद लेंगे। वंदना दत्ता बताती हैं की गोद लेने पर हम लोग उस गांव में हर तरह की जागरूकता का कार्यक्रम करेंगे. जागरूकता में तो यह है कि अभी बहुत ज्यादा जरूरत है नशे से दूर रहना, लोगों को उस बारे में जागरूक करते हैं. शासन की बहुत सारी योजनाएं हैं जिसका लाभ पात्र व्यक्तियों को नहीं मिलता है. लेकिन पात्र व्यक्तियों तक यह लाभ जाए इसके लिए हम लोग उनको जागरूक करेंगे. साथ ही साथ अभी जो किशोर बच्चे हैं, वह गलत रास्ते में जा रहे हैं. इसके लिए समय-समय पर छोटी-छोटी सी सभा करके उनको इसके लिए जागरूक करेंगे और इसके साथ ही साथ अगर गांव के किसी व्यक्ति को जरूरत है आगे पढ़ाने की या बीमारी की या लड़कियों की शादी की तो उसमें भी हम लोग सहयोग करेंगे। समाज सेवा के इस लम्बे सफर की सबसे अहम् कड़ी वंदना दत्ता हैं, जिन्हें पूरा शहर वंदना बुआ कहता है, वे इस संस्था की संस्थापिका है। 6 दिसम्बर 2015 को मंच का गठन हुआ, जिसमें गृहणी और सर्विस वाली 40 सदस्यों से ये शुरू हुआ, आज 130 सदस्य हैं, सब स्वयं जुड़ रहे है। साल में हर त्यौहार जैसे दशहरा, दीपवली, होली, ईद, नया साल और महिलाओ के लिए रोजा इफ्तार भी करते है, नवरात्रि में व्रती बहनो के द्वारा हर मन्दिर में फल वितरित करते है, सभी समाज वाले अपने रीति रिवाज और पर्व से सभी को परिचित करवाते है, सभी का समूह से मंचीय कार्यक्रम होता है, जिसमें प्रतिभाओं को मंच मिलता है। समूह में गृहणी बहने ज्यादा है एक ही परिवार से ननद, भाभी, देवरानी जेठानी, सास बहू, बेटिया भी शामिल है, सेवा कार्य में समभाव हर वर्ष ठंड में 500 कमंबल घूम घूम कर बांटती है, इसके ही समूह सेवा किटी ने 2 वर्ष तक रामनगर पहाड़ी कोरवा गाँव को गोद लिया था औरअब इस गाँव को गोद लेकर, हर तरह के विकास में सहयोग करने का काम कर रही हैं. आज के कार्यक्रम में संस्थापिका वंदना दत्ता, स्कूल की प्रधान पाठिका ममता गुप्ता, टीचर निकहत परवीन, सन्तोस पांडे, जया तिवारी, नीलिमा गौयल,पूनम मिश्रा, नीलिमा मिश्रा, नमिता चावला,ज्योति चोपड़ा, मुक्ता गुप्ता, आशा गुप्ता, रुबि सिदिकी, सीमा सिह, सुनीता चोपड़ा, स्मिता तिवारी, सपना चोपड़ा, सीता शर्मा , रिया तिवारी एव अन्य लोग शामिल थे.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर